नई दिल्ली
सोमवार, 14 जुलाई 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 90
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 29.0


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




11 शेफाली ने किया 23 गेंद में अर्धशतक पूरा

# मुंबई लोकसभा हारे वरिष्ठ वकील निकम सहित चार का राष्ट्रपति ने किया राज्यसभा में मनोनयन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल जून महीने में ही मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से भाजपा की टिकट पर कांग्रेस की वर्षा गायकवाड के हाथों हार का सामना करने वाले तेजतर्रार नामीगिरामी वकील उज्जवल निकम को राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

उज्जवल निकम के साथ ही अपने अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सी. सदानंद मास्टर, हर्षवर्द्धन श्रृंगला और मीनाक्षी जैन को भी उच्चसदन के लिए



उज्जवल निकम



हर्षवर्धन श्रृंगला



सी. सदानंदन



मीनाक्षी जैन

राष्ट्रपति ने नामित किया है। राज्यसभा के लिए चार ऐसे विशिष्ट हस्तियों को मनोनयन किया गया है जो साहित्य, विज्ञान, कला, और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता और अनुभव रखते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80 में प्रावधान है, जो राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को नामित करने की शक्ति देता है। इस कदम से राज्यसभा में रिक्त हुई चार सीटें भरी गई हैं, जो पहले संघ विचारक राकेश सिन्हा, इतिहाकार राम शकल, प्रख्यात नृत्यांगना सोनल मानसिंह और देश के जाने माने वरिष्ठ वकील स्वर्गीय रामजेठमलानी के पुत्र वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी के कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हुई थीं। चारों सदस्यों का मनोनयन राज्यसभा के सदस्य के रूप में छह सालों के लिए होगा।

## मनोनीत चार हस्तियां हैं

*▶▶ **उज्ज्वल देवराव निकम** : उज्ज्वल निकम एक प्रख्यात सरकारी वकील हैं, जिन्हें 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में आतंकवादी अजमल कसाब को सजा दिलाने के लिए जाना जाता है। उनकी कानूनी विशेषज्ञता और आपराधिक मामलों में दृढ़ता ने उन्हें देश में एक सम्मानित नाम बनाया है। उनकी नियुक्ति से राज्यसभा में कानूनी और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर मजबूत आवाज मिलने की उम्मीद है।*

*▶▶ **सी. सदानंदन मास्टर** : केरल के एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद्, सी. सदानंदन मास्टर ने शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति सामाजिक मुद्दों और शिक्षा नीतियों पर चर्चा को और समृद्ध करेगी।*

*▶▶ **हर्षवर्धन श्रृंगला** : हर्षवर्धन श्रृंगला भारत के पूर्व विदेश सचिव और एक अनुभवी राजनयिक हैं। उनकी नियुक्ति से राज्यसभा में विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों जैसे विषयों पर गहन विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।*

*▶▶ **मीनाक्षी जैन** : प्रख्यात इतिहासकार और शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन भारतीय इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में अपने शोध और लेखन के लिए जानी जाती हैं। उनकी उपस्थिति से सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से संसदीय चर्चाओं में गहराई आएगी।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नीट यूजी काउंसलिंग 21 जुलाई से शुरू

**नई दिल्ली।** एमबीबीएस, बीडीएस और बीएससी नर्सिंग एडमिशन के लिए एमसीसी यानी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की ओर से नीट यूजी 2025 काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 21 जुलाई से शुरू होंगे। काउंसलिंग कुल चार राउंड में होगी। नीट क्वालिफाइड अभ्यर्थी वेबसाइट mcc.nic.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।



### साउथ के फेमस एक्टर श्रीनिवास राव का निधन

**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर कोटा श्रीनिवास राव का निधन हो गया है। उन्होंने 83 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू तक ने शोक व्यक्त किया है। वो लंबे समये से उम्र से संबंधित बीमारी से जूझ रहे थे।



### मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को ट्रेन से अलग कर लिया गया है।



### बिहार में मतदाता सूची संशोधन

# नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोगों के नाम वोटर लिस्ट में, हटाने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा घर-घर जाकर किए गए सत्यापन के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के कई लोगों के नाम मतदाता सूची में पाए गए हैं। इन व्यक्तियों के पास आधार कार्ड, डोमिसाइल सर्टिफिकेट और राशन कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज भी मिले हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि इन लोगों की नागरिकता की वैधता की जांच के लिए 1 अगस्त 2025 से 30 अगस्त तक एक विस्तृत जांच प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यदि यह पाया गया कि ये नाम अवैध रूप से मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं, तो इन्हें 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। विदित होकि विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान 24 जून को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य राज्य की मतदाता सूची को अपडेट और शुद्ध करना है। इस प्रक्रिया में 77,895 बूथ लेवल ऑफिसर्स और अतिरिक्त 20,603 नव नियुक्त के साथ-साथ 38 जिला निर्वाचन अधिकारी, 243 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी और 963 सहायक ईआरओ शामिल हैं। इनके प्रयासों को 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स और 4 लाख से अधिक स्वयंसेवकों का समर्थन प्राप्त है, जो विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और अन्य कमजोर समूहों की सहायता कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक बयान के अनुसार, 12 जुलाई की शाम 6 बजे तक 6,32,59,496 गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं, जो बिहार के 80.11% मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। यानी, प्रत्येक 5 में से 4 मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा कर दिए हैं। आयोग का कहना है कि इस गति से, 25 जुलाई की समय सीमा से पहले ही अधिकांश फॉर्म एकत्र हो जाएंगे। 25 जुलाई गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि है। आगामी एक अगस्त को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन चुनाव आयोग करेगा। 30 अगस्त तक दावों और आपत्तियों की जांच की जाएगी उसके बाद ही 30 सितंबर को बिहार विधानसभा के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाएगा।

### घर-घर जाकर होगी जांच

*1 अगस्त से 30 अगस्त के बीच इनकी घर-घर जाकर जांच की जाएगी। यदि इनके दस्तावेज गलत पाए गए तो 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इनके नाम हटा दिए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो शत-प्रतिशत गणना फार्म जमा होने के बाद इनकी संख्या और बढ़ सकती है। क्यों हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण?: चुनाव आयोग के जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद -326 के तहत सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता बन सकता है। आयोग के पास इसे जांचने का अधिकार है। यदि वह किसी व्यक्ति के दावे संतुष्ट नहीं होता है तो वह उसे मतदाता बनने से रोक सकता है या फिर उसे मतदाता सूची से बाहर कर सकता है।*

### तेजस्वी ने चुनाव आयोग को घेरा



*नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं। अगर एक फीसदी वोटर्स का भी नाम कट जाए तो सात लाख 90 हजार मतदाताओं का नाम कट जाएगा। यानी हर विधानसभा में 3 हजार 251 मतदाताओं का नाम कट जाएगा। उन्होने कहा कि 2020 में 35 सीटों पर जीत-हार का यह अंतर था। एक विधानसभा में औसतन 320 बूथ हैं। अगर एक बूथ पर 10 का नाम कटे तो 3200 मतदाताओं का नाम कटेगा। और यह बिहार के नतीजों पर अंतर डालेगा। तेजस्वी ने आरोप लगाया है कि आयोग हमारी शंकाओं का समाधान नहीं कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने लचीलापन कार्यशैली अपनाने को कहा लेकिन उस पर भी अमल नहीं किया गया।*

### महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं की दादागीरी फिर सामने आई

# मराठी बोलने से किया इनकार तो मनसे ने प्रवासी ऑटो ड्राइवर को पीटा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी ) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के कार्यकर्ताओं ने एक प्रवासी ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी है। ऑटो ड्राइवर ने कहा था कि वह भोजपुरी और हिंदी में बात करेगा, मराठी में नहीं।

याद दिलाना होगा कि एमएनएस के कार्यकर्ताओं ने कुछ दिन पहले मराठी भाषा नहीं बोलने को लेकर ठाणे जिले के मीरा-भायंदर में एक दुकानदार की जमकर पिटाई की थी।ताजा वायरल वीडियो में शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस के कार्यकर्ता एक मराठी ऑटो ड्राइवर को सिर्फ इसलिए पीट रहे हैं क्योंकि कुछ दिन पहले उसका वीडियो वायरल हुआ था। ऑटो ड्राइवर विरार स्टेशन के पास एक स्थानीय युवक को धमकाते और मराठी में बात करने से इनकार करते हुए कैमरे में कैद हुआ था। इसमें उसने कहा था कि मैं हिंदी बोलूंगा, मैं भोजपुरी बोलूंगा। मुझे मराठी नहीं आती है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई महिलाएं भी शामिल थीं, मराठी का अपमान किया

*ऑटो ड्राइवर का वीडियो वायरल होने के बाद शिवसेना और एमएनएस के कार्यकर्ताओं ने उसे खोज निकाला और उसे पीटा। यह घटना शनिवार को हुई। शिवसेना और एमएनएस के कार्यकर्ताओं में महिलाएं भी शामिल थी। उन्होंने ऑटो ड्राइवर को थप्पड़ मारे और उसे माफी मांगने के लिए मजबूर किया। आरोप लगाया कि इस शख्स ने मराठी भाषा और मराठी आइकन का अपमान किया है।*

### शिवसेना की स्टाइल में देंगे जवाब

*ऑटो ड्राइवर को पीटने वालों में शामिल शिव सेना (यूबीटी की विरार इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने पिटाई का बचाव किया। उन्होंने कहा कि जो कोई भी मराठी भाषा, महाराष्ट्र या मराठी मानुष का अपमान करेगा उसको शिवसेना के स्टाइल में जवाब दिया जाएगा। शिवसेना के एक और नेता ने कहा कि उसे कड़ा सबक सिखा दिया गया है। यह वीडियो जब सोशल मीडिया पर जोरदार ढंग से वायरल हुआ तो पुलिस ने कहा कि अभी तक हमें शिकायत नहीं मिली है।*

### दुबई पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव... भारतीय प्रवासी समुदाय ने गर्मजोशी से किया स्वागत

# सरकार प्रवासी उद्यमियों को निवेश के लिए अनुकूल माहौल देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई यात्रा के पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय, विशेष रूप से इंदौर से जुड़े उद्यमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इंदौरी इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क (आईआईबीएन) ने एक विशेष आयोजन किया, जिसमें 25 से अधिक सीईओ मौजूद थे। 15 से अधिक प्रमुख उद्यमियों ने मप्र में निवेश की रूचि दिखाते हुए अपने निवेश प्रस्ताव दिए। वर्तमान में



आईआईबीएन यूएई में 750 से अधिक सदस्यों के साथ एक स्थापित लाइसेंस प्राप्त समुदाय है। इसमें व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंकर, शिक्षाविद सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 'दृश्यम' फिल्म की स्टाइल में

# 60 लाख के बीमा के लिए दामाद ने की सास की हत्या

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक दामाद ने बीमा राशि पाने के लिए अपनी ही 60 वर्षीय सास की हत्या कर दी। मामले में पुलिस का दावा है कि इस पूरी साजिश को अंजाम देने के पीछे आरोपी ने मशहूर क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' से प्रेरित होकर उसने हादसे का नाटक रचा, लेकिन पुलिस की जांच और



सीसीटीवी फुटेज ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया। बता दें कि घटना सिद्दीपेट के पेड्डामासनपल्ली गांव की है। आरोपी की पहचान वेंकटेश के रूप में हुई है, जिसने अपनी सास रामव्वा के नाम पर पोस्ट ऑफिस ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पिटाई कर पैसे छीने, शहर में तनाव

# आरएसएस बालसेवकों पर हमला, गुंडागर्दी से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ शहर में शनिवार की रात एक निंदनीय और चौंका देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। आरएसएस के मासूम बालसेवकों पर उस वक्त हमला किया गया जब वे गुरुपूजन कार्यक्रम से लौट रहे थे। घटना चक्रधरनगर चौक के पास की है, जहां कुछ बदमाशों ने सेवकों को बीच सड़क पर घेरकर न केवल बर्बर मारपीट की, बल्कि उनके पैसे भी लूट लिए।

घटना के पीछे मुख्य आरोपी बंटी सिंह समेत 7 लोगों को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ गंभीर गैर-जमानती धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बालसेवकों की टोली गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। तभी हमला किया गया।

### वीडियो आया सामने



*हमले का वीडियो रातोंरात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक मासूम सेवकों पर टूट पड़ते हैं और उन्हें बचाने वाला कोई नहीं है। इस वीडियो ने आम जनता और संघ कार्यकर्ताओं के बीच भारी आक्रोश भड़का दिया है।*

### थाने का घेराव तब हुई कार्रवाई

*घटना की खबर मिलते ही आरएसएस और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जूटमिल थाने पहुंचे। वहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई। तत्काल कार्रवाई की मांग के बीच पुलिस ने रातोंरात दबिश* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नाम लिए बिना नितिन गडकरी ने सुनाई खरी-खोटी

# सत्ता में आकर अक्सर लोग अहंकारी हो जाते हैं, मांगने से नहीं मिलता सम्मान

**सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर कहा कि शिक्षक भी इसमें शामिल**



एजेंसी ▶▶ नागपुर

बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए पहचाने जाने वाले केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। नागपुर में शनिवार को शिक्षकों की एक सभा में उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता, धन, ज्ञान या सुंदरता प्राप्त करते हैं, वे अक्सर अहंकारी हो जाते हैं। गडकरी ने कहा कि जब लोग यह मानने लगते हैं कि वे सबसे बुद्धिमान हैं तो उनकी हठधर्मिता दूसरों पर असर डालती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी खुद को थोपकर महान नहीं बनता। इतिहास देखिए जिन्हें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### किस पर था गडकरी का इशारा?

*नितिन गडकरी के इस बयान पर राजनीतिक विरोधियों ने अलग-अलग मतलब निकाले। कुछ लोगों का मानना है कि उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नितिन राउत ने कहा कि नितिन गडकरी का इशारा भाजपा के उन नेताओं की तरफ था, जो आजकल अहंकारी और स्वार्थी हो गए हैं। वहीं विपक्ष के कुछ नेताओं अपने अपने स्तर पर मायने निकालना शुरु कर दिया है।*

### भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की घर वापसी आज

# 4:35 पर आईएसएस से कूच, कल 3 बजे समुद्र में स्प्लैशडाउन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) 14 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अनडॉक होने की तैयारी कर रहा है।

यह दल 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम लगभग 4:35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उतरेगा और मंगलवार, 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 3 बजे कैलिफ़ोर्निया के पास प्रशांत महासागर में लैंड करेगा। ड्रैगन अंतरिक्ष यान से वापसी की यात्रा लगभग 22 घंटे की होगी, जिसके साथ ही अंतरिक्ष स्टेशन पर उनका लगभग 18 दिनों का प्रवास समाप्त होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पृथ्वी पर लौट सकते हैं। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर गए थे। इन अंतरिक्ष यात्रियों का 14 दिन का मिशन था, जो पूरा हो चुका है। फिलहाल शुभांशु शुक्ला समेत अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने का इंतजार है। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने शुभांशु के सकुशल आने की कामना की है। उनकी मां आशा शुक्ला ने कहा कि परिवार उनके भव्य स्वागत की योजना बना रहा है।



**14 दिन का मिशन पूरा हो चुका है**

### 7 दिन के आइसोलेशन में रहेंगे ग्रुप कैप्टन

*इसरो ने बताया कि शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर लौटने के बाद 7 दिन के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा, ताकि वह फिर से पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के अनुरूप ढल सकें। वह इस दौरान फ्लाइट सर्जन की देखरेख में रहेंगे। पृथ्वी पर लौटने से पहले, 14 जुलाई को दोपहर 2:25 बजे वे क्रू ड्रैगन यान में सवार होंगे, स्पेससूट पहनेंगे और जरूरी जांच पूरी करेंगे।*

## खबर संक्षेप

### दिल्ली पुलिस ने इमारत ढहने के सिलसिले में दर्ज की प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार को इमारत ढहने की घटना के सिलसिले में पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज किया है। इस घटना में घायल आठ लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि चार मंजिला इमारत में बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि इमारत गिरने से एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में इमारत के मालिक अब्दुल मतलूब (50), उनकी पत्नी राबिया (46), बेटे जावेद (23) और अब्दुल्ला (15), बेटी जुबिया (27) और दो साल की बच्ची फौजिया शामिल थी। इस हादसे में मतलूब के बेटे परवेज (32), नावेद (19), परवेज की पत्नी सिजा और उनके एक वर्षीय बेटे अहमद तथा पड़ोसी परिवार के चार सदस्यों समेत आठ अन्य घायल है। पुलिस ने बताया कि हमने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच के लिए कई टीम गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार का 'ड्राई क्लीनिंग' का व्यवसाय था और यह परिवार 20 साल पुरानी इस इमारत में हाल में ही रहने आया था।

### चोर गिरोह के नाबालिग समेत दो पकड़े, 53 मोबाइल बरामद

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एक चोर गिरोह के नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 53 मोबाइल फोन और घर में सेंधमारी के उपकरण बरामद हुये हैं। बरामद मोबाइल फोन में से अब तक 30 विभिन्न शिकायतों, दर्ज एफआईआर, ई-एफआईआर और गुमशुदगी की रिपोर्ट आदि से जुड़े हैं। इसके साथ ही दिनदहाड़े चोरी और फोन चोरी के छह मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार नाबालिग के अलावा पकड़े गये दूसरे आरोपी का नाम आफताब उर्फ सूखा (22) पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी जहांगीरपुरी पता चला है। दोनों दिनदहाड़े चोरी, मोबाइल फोन चोरी और इसी तरह के अन्य अपराधों के कई मामलों में संलिप्त पाए गए। दोनों को उत्तरी रेंज-1, क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी बंद घरों को निशाना बनाते थे। ये आमतौर पर आभूषण, घड़ियां और अन्य महंगी चीजें चुराकर भाग जाते थे। यह गिरोह पुलिस के संदेह से बचने के लिए कम जाने-पहचाने चेहरों का इस्तेमाल करता था और हर चोरी के बाद अपने ठिकाने बदल देता था। इन्हें जापानी पार्क के पास रोहिणी सेक्टर 10/11 इलाके से पकड़ा गया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि वे गिरोह के वरिष्ठ सदस्य बप्पी के साथ एक और चोरी की योजना बना रहे थे। आफताब पहले मोबाइल फोन ठक करता था।

#### जामिया नगर क्षेत्र की घटना

# दिल्ली-मुंबई हाईवे कंस्ट्रक्शन साइट पर हादसा, मजदूर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- 40/45 फीट की ऊँचाई पर जैक को स्थानांतरित करने के लिए खंभे पर काम कर रहा था।
- अचानक जैक फिसल गया और सचिन खंभे से नीचे गिर गया।

जामिया नगर क्षेत्र में पड़ने वाले दिल्ली मुंबई हाईवे कंस्ट्रक्शन साइट पर शुक्रवार को हादसा हो गया। इसमें निर्माण स्थल पर काम कर रहे एक मजदूर की दुर्घटनावश मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक का नाम सचिन (29) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 13:13 बजे होली फैमिली अस्पताल से सचिन पुत्र रमेश निवासी एच-1/314 सुल्तानपुरी दिल्ली, मूलरूप से बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के मृत अवस्था में लाये जाने की सूचना मिली। पुलिस कॉल मिलने के बाद अस्पताल पहुंची। एमएलसी रिसीव की गई। अस्पताल और घटनास्थल से स्थानीय पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति एनएचएआई परियोजना के अंतर्गत सेल मैक कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूर के रूप में काम कर रहा था, जहां दिल्ली-मुंबई राजमार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। आगे की पूछताछ में पता चला कि 12 जुलाई को सुबह लगभग 9:30 बजे वह लगभग 40/45 फीट की ऊँचाई पर जैक को स्थानांतरित करने के लिए खंभे पर काम कर रहा था। अचानक जैक फिसल गया और सचिन खंभे से नीचे गिर गया। उसे होली फैमिली अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में जामिया नगर थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर ट्रक ने बुलेट सवार कुचला, मौत

नई दिल्ली। मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर रविवार सुबह 6:23 बजे एक ट्रक ने बुलेट सवार युवक को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का नाम शत्रुघन (25) निवासी ए ब्लॉक मंगोलपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुबह एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली, जिसमें एक ट्रक चालक ने मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। कॉल मिलने पर पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल और एक टाटा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिले। घायल व्यक्ति को पहले ही कैट एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल ले जाया जा चुका था। मोबाइल क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कराई गई। इसके बाद बाबा साहेब अंबेडकर (बीएसए) अस्पताल, रोहिणी से सूचना मिली कि घायल को मृत घोषित कर दिया गया है। मृतक मंगोलपुरी में स्थित एक सफल डेयरी पर कर्मचारी था। घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रक चालक अजय सिंह निवासी आलमनगर, मधेपुरा, बिहार को गिरफ्तार किया गया है।

## 19 वर्षीय युवती की डैड बॉडी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवती की डैड बॉडी यमुना नदी से बरामद की है। आशंका है कि बॉडी महरौली थाना एरिया से लापता स्नेहा देबनाथ (19) की है। पुलिस फिलहाल मृतका की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। आशंका है कि युवती ने सिग्नेचर ब्रिज से छलांग लगाई थी। युवती की गुमशुदगी को लेकर धारा 140(3) बीएनएस के तहत महरौली थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को स्नेहा देबनाथ, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स से लापता हुई थी। स्नेहा आत्मा राम सनातन धर्म कालेज में बीएससी मैथस द्वतीय वर्ष की छात्रा थी परिवार द्वारा दिए गए एक नोट से उसके सिग्नेचर ब्रिज से कूदने के इरादे का संकेत मिल रहा था। जांच के दौरान कैब ड्राइवर ने पुष्टि की कि उसने युवती को सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ा था। तकनीकी निगरानी से पता चला है कि आखिरी लोकेशन भी सिग्नेचर ब्रिज पर थी। कुछ चश्मदीदों ने बताया कि उन्होंने एक लड़की को पुल पर खड़ा देखा था और बाद में वह लापता पाई गई। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ निगम बोध घाट से नोएडा तक संयुक्त खोज अभियान चलाया गया। युवती के करीबी दोस्तों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से परेशान थी और उसने उस सुबह ईमेल और व्हाट्सएप संदेश भेजे थे। उसका पता लगाने के लिए व्यापक खोज और जांच जारी थी। रविवार शाम करीब 7:09 बजे पुलिस टीम को एक महिला का शव मिला है। उसकी पहचान सुनिश्चित की जा रही है। आशंका है कि शव स्नेहा का ही है।

## 20 लाख के आभूषण चोरी करने वाला ऑटो चालक किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक दंपति के 20 लाख के सोने के आभूषण चोरी करने वाले कुख्यात चोर और ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। गांधी नगर एरिया के इस चोर के पास से एक ऑटो रिक्शा और 11 हजार रुपये नकद बरामद हुये। पकड़े गये चोर का नाम वसीम उर्फ बंदर बताया गया है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर बस अड्डों व रेलवे स्टेशन के यात्रियों को निशाना बनाता था।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार 27 जून की सुबह सराय काले खां बस टर्मिनल से एक दंपति आरोपी के ऑटो में सवार हुए थे। उनके 20 लाख रुपये के सोने के आभूषणों चोरी हो गये थे। जांच के दौरान पता चला कि 49 वर्षीय वसीम अपने साथियों के साथ ऑटो चलाता है और सराय काले खां बस टर्मिनल और अन्य बड़े बस अड्डों से लक्षित यात्रियों को अपने ऑटो में बैठाकर बीच रास्ते में उनके कीमती सामान पर हाथ साफ कर देता था। इस बार भी उसने ऑटो खराब होने का बहाना बनाकर अपना ऑटो एक जगह पर रोक दिया था। इसके बाद अपने साथियों को वहां बुलाया। उसके साथी जोकि पहले से ही दूसरे ऑटो में उसके पीछे आ रहे थे वहां पहुंचते हैं। ऑटो में 2-3 साथी पीछे यात्री बनकर बैठे थे। इसके बाद दंपति को उस ऑटो में बिठा दिया जाता है। पहले से ही यात्री बनकर बैठे साथियों ने दंपति के बैग से जूलरी साफ कर दी थी। इस गिरोह द्वारा की गई अन्य समान घटनाओं की पहचान करने और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए आगे प्रयास जारी हैं। बंदर की आठ मामलों में संलिप्ताएं पाई गई हैं।

### बकौली में एसबीआई का एटीएम तोड़ा

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाना एरिया के बकौली गांव में एसबीआई बैंक का एटीएम तोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। एटीएम से साढ़े 11 लाख रुपये चोरी किये गये हैं। पुलिस के अनुसार इस संबंध में, एसबीआई एटीएम का रखरखाव और देखभाल करने वाली एफएसएस कंपनी की ओर से निर्वेद अवस्थी के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। अवस्थी ने बताया कि परिसर के मालिक रतन लाल का फोन आने पर, वह एटीएम स्थल पर पहुंचे और पाया कि एटीएम मशीन आगे से टूटी हुई थी और कैश ट्रे गायब थी। नकदी की जांच करने पर 11,50,100 रुपये गायब थे। जांच के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मामले की जांच के लिए कई टीमें भेजी गई हैं और साथ ही साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

## लूट के आरोपी ने पुलिस हिरासत से की भागने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- थाने की पहली मंजिल से कूदा

उत्तर-पश्चिमी जिले के सुभाष प्लेस थाने की पहली मंजिल से लूट के एक आरोपी ने कथित तौर पर कूदकर पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। आरोपी का नाम अहमद (28) बताया गया है। इलाज के बाद उसे अदालत में पेश किया गया जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसे 23 जून को उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस के अनुसार 21 मार्च को सुभाष प्लेस थाने में अहमद समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रोशन (31), आशीष (23), गणेश शॉ (24) को गिरफ्तार कर उनके पास से लूट के 4.5 लाख रुपये में से 2.52 लाख रुपये बरामद कर लिये गए थे। घटना के बाद से अहमद फरार था और 23 जून को उसे मऊ से पकड़ा गया था। पांच जुलाई को उसकी पहचान परेड कराई गई, जिसके बाद अदालत ने जांच और बरामदगी के लिए उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। 11 जुलाई को सुभाष प्लेस थाने में पूछताछ के दौरान अहमद ने पुलिस परिसर की पहली मंजिल से कूदकर भागने की कोशिश की। अहमद को चोटें आईं और उसे पहले भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। इलाज के बाद आरोपी को छुट्टी दे दी गई और अदालत में पेश किया गया। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा उसके खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पिछले दो दिनों में 13,395 मीट्रिक टन पुराने कचरे को किया गया साफ : सिरसा

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले दो दिनों में 13,395 मीट्रिक टन पुराने कचरे की सफाई की गई है। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने बताया कि तीनों लैंडफिल साइटों से कचरे का निपटान लगातार जारी है। पिछले दो दिनों में भलस्वा लैंडफिल साइट से1,683 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया। वहीं ओखला लैंडफिल साइट से 1,764 मीट्रिक टन और गाजीपुर लैंडफिल साइट से 9,947 मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया गया। वहीं मंत्री सिरसा ने बताया कि इनर्ट (मिट्टी आदि) 12,271 मीट्रिक टन उठाया गया। वहीं निर्माण और तोड़-फोड़ का मलबा 713.6 मीट्रिक टन साफ किया गया। वहीं आरडीएफ (कचरे से बना ईंधन) 410.1 मीट्रिक टन साफ किया गया। इसके अलावा सिविक सफाई कार्य की बात करें तो पिछले 24 घंटे में कुल 11,550.34 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। वहीं 4,158 किलोमीटर सड़कों की सफाई की गई। इसके साथ ही 2,026 मीट्रिक टन सी एंड डी कचरा उठाया गया।

## दिल्ली में वर्षभर में लगाए जाएंगे सात लाख से अधिक पौधे : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली नगर निगम द्वारा ग्रीन एक्शन प्लान के तहत पौधारोपण अभियान की शुरुआत

दिल्ली में ग्रीन एक्शन प्लान के तहत वर्ष भर में कुल 7 लाख 3 हजार 298 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें 3 लाख पेड़, 4 लाख झाड़ियां और 3,298 बांस के पौधे शामिल हैं। इस अभियान को मानसून सीजन में गति दी गई है और इसे चरणबद्ध तरीके से वर्षभर जारी रखा जाएगा। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पर्यावरण संरक्षण और हरित राजधानी के संकल्प के साथ ग्रीन एक्शन प्लान के तहत पौधारोपण अभियान शुरू किया है। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि अब तक, यानी जुलाई 2025 तक, दिल्ली के विभिन्न 12 जोनों में 66 हजार 242 पौधे रोपे जा चुके हैं, जिनमें 21 हजार 493 पेड़, 41 हजार 918 झाड़ियां और 2,831 बांस के पौधे हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के उद्यान विभाग ने बारिश के मौसम में अभियान को युद्ध स्तर पर शुरू किया है। यह अभियान दिल्ली की हवा को साफ करने, तापमान में कमी लाने और जैव विविधता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि ग्रीन एक्शन प्लान को लेकर उद्यान विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी की गई है। बैठक में इस वर्ष निर्धारित पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति, उपयुक्त स्थानों का चयन, पौधों की देखरेख और उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन पौधों को चरणबद्ध और सुनियोजित तरीके से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

#### 'एक पेड़ माँ के नाम' - भावनात्मक जन अभियान

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्लीवासियों से मेरी अपील है कि वे अपनी माँ के नाम पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। यह पर्यावरण सेवा के साथ-साथ मातृ भक्ति का प्रतीक बन सकता है। यह छोटी सी पहल बड़े बदलाव की दिशा में एक कदम हो सकती है।

#### नागरिकों से की सहयोग की अपील

सत्या शर्मा ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर दिल्ली को हरा और स्वच्छ बनाना है। हम चाहते हैं कि हर दिल्लीवासी इस हरित आंदोलन का हिस्सा बने। यह सिर्फ पौधा लगाने का काम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुंदर दिल्ली की नींव रखने जैसा है। एमसीडी द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लगाए गए पौधों की मृत्यु दर कम से कम रहे, इसके लिए जल व्यवस्था, बाड़ लगाना और नियमित देखभाल की व्यवस्था की गई है।

#### ई-रिक्शा में टक्कर लगने पर गिरे थे कांच के पैनल

# कांवड मार्ग पर कांच के टुकड़े नहीं थी कोई साजिशः पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- पुलिस ई-रिक्शा चालक तक पहुंची

सीमापुरी इलाके में कांवड मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे होने के वायरल वीडियो को लेकर पुलिस ने खुलासा किया कि यह कोई साजिश नहीं थी बल्कि एक ई रिक्शा में टक्कर लगने पर कांच के पैनल टूटकर गिर गये थे। पुलिस बाकायदा उस ई रिक्शा चालक तक भी पहुंच गई है जो पैनल ले जा रहा था। मामले में एक एफआईआर पीडब्ल्यूडी के जेई के बयान पर दर्ज की गई थी।

पुलिस के अनुसार सड़क पर कांच के टुकड़े बिखरे होने का वीडियो एसडीएम सीमापुरी ने 12 जुलाई को शाम 6.25 बजे स्थानीय पुलिस के साथ साझा किया था। पूछताछ करने पर पता चला कि यह वायरल वीडियो पीयूष निवासी नंद नगरी द्वारा तैयार और अपलोड किया गया था। पीयूष ने बताया कि इस संबंध में उन्हें एक मित्र, उसी इलाके के निवासी मोंटू ने सूचित किया था। वीडियो का समय 10 जुलाई को रात 8.30 बजे का था। यह कांच चिंतामणि चौक से झिलमिल मेट्रो स्टेशन तक करीब एक किलोमीटर के मार्ग पर फैला था। सूचना मिलने पर एसीपी सीमापुरी ने 12 तारीख को इलाके की जांच की तो केवल कुछ टुकड़े बिखरे हुए मिले। घटनास्थल पर मौजूद एमसीडी कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने 12 तारीख की सुबह ही इन टुकड़ों को हटा दिया है। यह भी पता चला है कि 12 जुलाई को रात 11.39 बजे, जेई/पीडब्ल्यूडी अविनाश प्रताप सिंह से इस संबंध में सीमापुरी थाने को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जेई के बयान पर 13 जुलाई को एफआईआर दर्ज की गई थी। कड़ी जांच के बाद एक ई-रिक्शा की पहचान की गई जो शालीमार गार्डन, उत्तर प्रदेश से सीलमपुर 19 ग्लास पैनल ले जा रहा था। ई-रिक्शा चालक का नाम कुसुम पाल (43) पुत्र रघुवीर सिंह, निवासी मकान संख्या 632 ए ब्लॉक नंद नगरी पता चला। वर्तमान में वह किराए के मकान संख्या बी-47 ग्राउंड फ्लोर डीएलएफ गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में रह रहा है। जांच में पाया गया कि उसके ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मारी गई थी और जो ग्लास पैनल उसे पहुंचाने थे, वे टूटकर दूर जा गिरे थे, जिससे सड़क पर कांच फैल गया था। बीजेपी नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने भी इस मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की थी।

### कावड़ यात्रा मार्ग पर कांच मिलने के मामले पर एलजी गंभीर

**नई दिल्ली।** कांवड़ यात्रा शुरू होने से ठीक पहले यमुनापार के दिलशाद गार्डन में कांवड़ मार्ग पर छोटे छोटे कांच के टुकड़े फैले मिलने के मामले को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गंभीरता लिया है। घटना शनिवार- रविवार देर रात की है। राजनिवास सचिवालय से प्राप्त जानकारी अनुसार देर रात एलजी को खबर मिली की दिलशाद गार्डन में कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पर टूटे हुए कांच के छोटे छोटे टुकड़े बिखरे पड़े मिले। जिसके बाद एलजी ने तुरंत इस मामले पर संज्ञान लिया और पुलिस को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। राजनिवास के अनुसार एलजी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा को इसकी जांच के निर्देश दिए, जिसके बाद जांच शुरू हो गई है। इस मामले को लेकर खुद एलजी सक्सेना ने अपने सोशल मंच एक्स पर एक विडियो क्लिप पोस्ट करते हुए घटना के बारे में लिखा। एलजी ने लिखा कि कल रात पता चला कि दिलशाद गार्डन में लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पर, नंगे पैर कांवड़ यात्रियों के रास्ते पर, बड़ी मात्रा में टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखरे पड़े थे। एलजी ने लिखा कि पुलिस को मौके पर पहुँचने का निर्देश दिया गया और लोक निर्माण विभाग को तुरंत सड़क साफ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने लिखा कि लोक निर्माण विभाग ने दो घंटे के भीतर सड़क साफ कर दी। पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### कांवड़ ट्रैक पर शीशे, शांति भंग करने की सोची समझी साजिश : सचदेवा

**नई दिल्ली।** शीशे के छोटे बड़े टुकड़ों का इतने लम्बे कांवड़ ट्रैक पर डाला जाना साफ दर्शाता है की यह आसामाजिक तत्वों की शांति भंग करने की सोची समझी साजिश है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को बयान जारी कर यह बातें कही। उन्होंने कहा है कि शनिवार रात पूर्वी दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र में कांवड़ियों के लिए बनाए विशेष ट्रैक पर लगभग एक किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में शीशे के टुकड़े डले पाये गये जो एक गम्भीर चिंता का विषय है। दिल्ली पुलिस इसकी जांच कर रही है और शीघ्र सच्चाई सामने आयेगी और ऐसा कुकृत्य करने वाले पकड़े जायेंगे। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार कांवड़ यात्रियों के दिल्ली प्रवास के लिए पिछले वर्षो से बेहतर व्यवस्था कर रही है, कांवड़ समितियों को सीधा बैंक फंड देकर उन्हें भी व्यवस्थाएं सुधारने में सहयोग दिया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में हर तरफ कांवड़ियों के चलने के लिए विशेष ट्रैक बनाये जा रहे हैं, राह में उनकी यात्रा में असुविधा ना हो इस पर विशेष ध्यान दे रही हैं और उनके लिए मैड़किल कैम्प तक लगाये जा रहे हैं।

## अपहरण और लूट के मामले में मुख्य आरोपी पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने अपहरण और लूट के मामले में एक वर्ष से फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी किसन मूरत (45) बाबा हरिदास नगर का रहने वाला है। वह अगस्त 2024 में नांगलोई में दर्ज मामले का मुख्य साजिशकर्ता था। इस मामले में उसके तीन सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार मूरत पहले एक विद्युत वितरण कंपनी में तकनीशियन के रूप में संविदा पर काम करता था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दर्शन नामक एक जौहरी को लूटने की साजिश रची थी। उसने दर्शन को गिरवी रखे गए उसके सोने के गहने को फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने में मदद करने का झांसा दिया। सोना छुड़वाने के बाद मूरत और उसके सहयोगियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर दर्शन को रोका और उसे एक कार में बिठा लिया। इसके बाद उसका सोना और नकदी छीन ली और फिर उसे सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए थे। घटना के बाद मूरत ने खुद को पीड़ित बताकर दर्शन को पुलिस में शिकायत न करने के लिए समझाने की कोशिश की। लेकिन जब दर्शन को शक हुआ और उसने मदद के लिए कॉल किया, तो मूरत मौके से फरार हो गया और छिपकर रहने लगा। जांच में पता चला कि मूरत लगातार उत्तर प्रदेश और बिहार में ठिकाने बदल रहा है। एक विशेष टीम को उसकी तलाश में लगाया गया था। तकनीकी निगरानी के आधार पर पता चला कि वह बाबा हरिदास नगर में लौट आया है, तो 11 जुलाई को छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एक अन्य ठगी के मामले में भी संदिग्ध है।

**खबर संक्षेप**

### वीकेंड पर खुशगवार रहा दिल्ली का मौसम

**नई दिल्ली।** वीकेंड रविवार को भी दिल्ली हुई बारिश के चलते मौसम खुशगवार रहा। पहले सुबह, फिर दोपहर में और फिर रात आठ बजे के करीब दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश हुई। आसमान पर काले काले बादल, तेज हवाओं से गर्मी व उमस लगभग छूमंतर हो गई। दिल्ली वालों ने अवकाश के दिन खुशगवार मौसम का जमकर आनंद लिया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही अलर्ट जारी करते हुए बारिश व तेज हवाओं की भविष्यवाणी की। आईएमडी के अनुसार वीकेंड पर सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में 00.4 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि लोधी रोड में सबसे ज्यादा 8.1 मिमी , पालम में 1.3 मिमी, रिज एरिया में 0.4 मिमी, आया नगर में 5.7 मिमी, राजघाट में 7.5 मिमी, पूसा में 3.5 मिमी, नजफगढ़ में 7.0 मिमी, मुंगेशपुर में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई।

### डीटीसी व देवी बसों की कमी से जनता परेशान , सीएम से लगा रहे गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की सामान्य व छोटी देवी बसों की कमी को लेकर बुराडी विधानसभा के लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछली आप पार्टी की सरकार ने छोटी मोहल्ला बस चलाई थी। लेकिन कुछ समय बाद ही आप सरकार ने इन मोहल्ला बसों को विभिन्न कारणों से बंद कर दिया। अब दिल्ली में भाजपा की नई सरकार आई है और मोहल्ला बसों की तर्ज पर छोटी दिल्ली ईवी इंटर-कनेक्टर (डीईवीआई) बसें शुरू की है। बुराड़ी स्थित प्रधान एंक्लेव के लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गत दिनों 100 से अधिक नई देवी बसें चलाई। लेकिन प्रधान एंक्लेव के लिए एक भी देसी बस को नहीं लगाया गया। जबकि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रधान एंक्लेव से मोहल्ला बस शुरू की थी जिससे लोगों को काफी राहत मिली थी। स्थानीय निवासी एस के रावत का कहना है कि हमने उम्मीद लगाई थी कि भाजपा सरकार प्रधान एंक्लेव के लोगों के लिए भी देवी बस की सौगात देगी।

### प्रदेश अध्यक्ष ने किया राज्यसभा में नामांकित दो सांसदों का अभिनंदन

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार शाम पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा में नामांकित दो सांसदों पूर्व विदेश सेवा अधिकारी हर्षवर्धन श्रृंगला एवं इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन से मिलकर दिल्लीवासियों की ओर से उनका अभिनंदन किया। हर्षवर्धन श्रृंगला का अभिनंदन करने वाले प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र सचदेवा के साथ सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक कैलाश गहलोत एवं अनिल शर्मा शामिल थे। इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन का अभिनंदन करने वाले ग्रुप में वीरेन्द्र सचदेवा के साथ पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय और सांसद कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज शामिल थे।




## जल मंत्री ने पल्ला क्षेत्र में बोट से किया यमुना नदी का निरीक्षण

# दिल्ली में भी यमुना दिखेगी साफ, जांच के लिए पानी का लिया सैंपल : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भी यमुना नदी का पानी साफ दिखेगा, इसके लिए दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को बोट से पल्ला क्षेत्र में यमुना नदी का निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए पानी के सैंपल लिए। पल्ला वहीं स्थान हैजहां यमुना हरियाणा से होकर दिल्ली में प्रवेश करती है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ बोट से यमुना के जलस्तर और तटीय स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पल्ला क्षेत्र में यमुना का पानी बिल्कुल साफ है, लेकिन जैसे ही नदी दिल्ली में आगे बढ़ती है, इसका रंग गहरा और गंदा होता जाता है। इस अंतर को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली में भी यमुना वैसी ही साफ और स्वच्छ दिखाई दे जैसी पल्ला क्षेत्र में है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जहां पानी कुछ ही मिनटों में निकल जाए, उसे वॉटर लॉगिंग नहीं कहा जा सकता। जलभराव तभी माना जाता है जब किसी इलाके में पानी 4 से 5 घंटे तक भी न निकले। फिलहाल अधिकतर इलाकों में नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था सही ढंग से काम कर रही है।

### यमुना किनारे इलाकों की करें निगरानी, आपात स्थिति के लिए टीमें रहे सतर्क

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी किनारे के सभी इलाकों की निगरानी लगातार की जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें पूरी तरह सतर्क रहें। दिल्ली सरकार का कहना है कि यमुना को स्वच्छ बनाने और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक योजना पर काम हो रहा है।

### यमुना साफ हो रही हैं, सरकार लगातार कर रही काम

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हजारों करोड़ के काम जितने भी डिसेंट्रलाइज्ड एसटीपी थे जितनी पाइप लाइन बिछनी थी, जितनी पानी पाइप लाइन बिछनी है और जो कुछ भी यमुना मां की सफाई के लिए किया जाना है, उसके निर्मल प्रभाव के लिए जो होना चाहिए, लगातार सरकार उसे कर रही है। आज यमुना तट से योग की क्रियाओं से समझता हूं दिल्ली वालों को यह संदेश देना है कि यमुना साफ हो रही है।

## दिल्ली के अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाकर गरीब और वंचित वर्ग को राहत देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। यह बातें रविवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने रोहिणी सेक्टर-20 में दिल्ली जल बोर्ड की नई पेयजल पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ करने के दौरान कहीं। मंत्री इंद्राज ने बताया कि पेयजल पाइप लाइन बिछाने की परियोजना दो माह में पूरी हो जाएगी और सेक्टर 20 की पुनर्वास कॉलोनियों के सभी ब्लॉकों में रहने वाले परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने लगेगी। यह क्षेत्र विगत 30 वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहा था, जिसे अब स्थायी समाधान दिया जा रहा है। इसके बाद रविन्द्र इंद्राज ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के शक्ति नगर में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का संकल्प जनसहयोग से साकार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मिंटो ब्रिज सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस वर्ष जलभराव में कमी और दिल्ली के प्रदूषण स्तर में गिरावट, सुशासन और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## कश्मीरी गेट बस अड्डा : कुलियों के विश्राम घर की टपक रही छत, परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली के कश्मीरी गेट अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थित कुलियों के विश्राम घर की छट मानसून की पहली बारिश में ही टपकने लगी है जिसके चलते कुलियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि यहां हर दिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आना जाना रहता है और यात्रियों का बोझ ढोने वाले कुलियों की तरफ दिल्ली सरकार का बिलकुल ध्यान नहीं है। कुलियों का कहना है कि अधिकारियों से कई बार निवेदन किया है लेकिन यहां के हालात नहीं सुधर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि जब तक किसी मंत्री या बड़े अधिकारी का दौरा नहीं होता, तब तक यहां की हालत सुधरने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि हम सरकार से कोई खजाना नहीं मांगते, बस इतना चाहते हैं कि सिर छुपाने की एक ऐसी छत मिले जो बारिश में टपके नहीं। कुलियों का कहना है कि भले ही गर्मी से राहत मिली हैं लेकिन कश्मीरी गेट बस अड्डे के कुलियों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई है। विश्राम घर की छत से पानी टपकने के कारण फर्श गीला हो गया है। दीवारें सीलन से भरी हैं, और छत के नीचे रखे बिस्तर, कपड़े, वर्दियां व मोबाइल तक भीग चुके हैं।

## विजेंद्र गुप्ता ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की शिष्टाचार भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर गुप्ता ने उपराष्ट्रपति को दिल्ली विधानसभा के संचालन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने हेतु किए जा रहे विभिन्न ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी प्रयासों की जानकारी दी। गुप्ता ने उपराष्ट्रपति को 'दिल्ली विधानसभा का 100 दिनों के कार्यकाल पर विरासत से विकास की ओर' शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष बुकलेट भी भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के अंतर्गत विधानसभा को पूर्णतया डिजिटल बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य कागज रहित वातावरण सुनिश्चित करना, सदस्यों के बीच रीयल-टाइम संचार को संभव बनाना और विधायी कार्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं कुशल बनाना है। गुप्ता ने विधानसभा परिसर को सौर ऊर्जा से पूर्णतः संचालित करने की योजना के बारे मे बताया। 500 किलोवाट की सोलर पावर परियोजना के माध्यम से पूरा विधानसभा परिसर अब नवीकरणीय ऊर्जा पर कार्य करेगा, जो सतत और पर्यावरण अनुकूल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 'जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए किए जाए ठोस इंतजाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**मुकरबा चौक से आदर्श नगर तक हालात खराब**



इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) ने दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह एवं निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से मांग की है कि एमसीडी अधिकारियों के दावों की जांच कराई जाये और दिल्ली वालों को जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए ठोस इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विभिन्न कॉलोनियों और अलग अलग स्थानों पर हो रहे जलभराव की वजह से दिल्ली वालों को परेशानी हो रही है। आईवीपी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि पीडब्ल्यूडी एवं एमसीडी के अधिकारियों के बीच तालमेल के अभाव की वजह से दिल्ली वालों को जलभरव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह मांग भी की कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को आदेश दिया जाये कि इस विभाग की सड़कों का पानी आसपास की कॉलोनियों में नहीं जाये, इसके लिए विशेष इंतजाम किये जायें। मुकेश गोयल ने कहा कि रिंग रोड स्थित मुकरबा चौक से आदर्श नगर तक पीडब्ल्यूडी की पूरी सड़क पर थोड़ी सी बारिश में पानी भर जाता है। यह पानी दोनों ओर स्थित कॉलोनियों की गलियों और घरों में घुस जाता है। जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानी होती है। आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे का पानी तो आसपास की कॉलोनियों वालों के लिए बेहत परेशानी का सबब बना हुआ है।

### विशेष फंड या साधन मिले बिना गाद उठाना संभव नहीं

मुकेश गोयल ने कहा कि एमसीडी के अधिकारियों ने दावा किया है कि उन्होंने इस वर्ष 1 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गाद नालियों से उठायी है। जबकि इसी दावे में कहा गया है कि पिछले वर्ष एमसीडी ने केवल 77 हजार मीट्रिक टन गाद ही उठायी थी। अब एमसीडी अधिकारियों के इन दावों पर कैसे भरोसा किया जा सकता है, क्योंकि एमसीडी को इस वर्ष ऐसा कोई विशेष फंड या साधन नहीं मिले हैं, जिससे कि एमसीडी अधिकारी इतना अच्छा काम कर सकें। अतः एमसीडी अधिकारियों के यह दावे केवल हवा-हवाई हैं, जिसका खामियाजा दिल्ली वालों को भुगतना पड़ रहा है।

## डॉ. पंकज ने आर्य समाज मंदिर में फिजियोथेरेपी सेंटर का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के डी ब्लॉक में स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह के स्वर्गीय पिता राज मोहन सिंह और माता सीता सिंह की स्मृति में फिजियोथेरेपी सेंटर जनता का समर्पित किया गया। इस फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने किया। इस अवसर पर विकासपुरी के स्थानीय निवासी, वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टर्स और बड़ी संख्या में समाजसेवी लोग भी मौजूद रहे। सामुदायिक संस्था के सहयोग से स्थापित हुए इस आधुनिक सुविधाओं वाले फिजियोथेरेपी सेंटर में विशेष रूप से इलाके के बुजुर्गों और जरूरतमंदों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण फिजियोथेरेपी उपचार की सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट का दिल से धन्यवाद दिया। मंत्री के पिता स्वर्गीय राज मोहन सिंह दिल्ली के बड़े समाजसेवी लोगों में से एक थे, जो जरूरतमंद लोगों के साथ ही समाज के हर तबके के लोगों की सेवा में रात-दिन जुटे रहते थे। उन्होंने लोगों की भलाई और जनसेवा से जुड़े कई सारे काम किए। जिसे याद करके आज भी लोग भावुक हो जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि दिल्ली के हर नागरिक तक सस्ती, सुलभ और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं हर घर तक पहुंचें। मैं आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय लोगों का जिंदगी भर आभारी रहूंगा, जिन्होंने इस पहल में अपना सराहनीय सहयोग दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम एक ऐसा स्वास्थ्य तंत्र बना रहे हैं जो संवेदनशील, जनभागीदारी आधारित और भविष्य की सभी जरूरतों के लिए तैयार हो रहे हैं।

### बेरोजगार हुए 70 से अधिक चालक व कर्मचारी

# निगम मुख्यालय पार्किंग में धूल फांक रहे दिल्ली नगर निगम के ई-वाहन

दया राम ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली को प्रदूषण मुक्त और स्मार्ट सिटी की राह पर ले जाने के दावों के बीच दिल्ली नगर निगम की एक और हकीकत सामने आई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधीन चलने वाली ई-वाहन परियोजना का हाल इन दिनों बेहद दयनीय है। सिविक सेंटर की बेसमेंट पार्किंग में खड़े ये ई-वाहन अब सड़कों पर दौड़ने के बजाय धूल में लिपटे खड़े-खड़े खस्ताहाल हो गए हैं, और इनके साथ जुड़े चालक और कर्मचारी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने करीब पांच वर्ष पहले एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ एक करार किया था, जिसके तहत नगर निगम के कार्यों में ई-वाहनों का प्रयोग बढ़ाया जाना था। ये वाहन न केवल पर्यावरण के लिहाज से बेहतर थे, बल्कि सस्ती और टिकाऊ सेवा के रूप में इन्हें प्रचारित किया गया था। लेकिन आज स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में ई-वाहन सिविक सेंटर के बेसमेंट में खड़े-खड़े जंग खा रहे हैं, बैटरियां खराब और जर्जर हो चुकी हैं, और रख-रखाव का कोई इंतजाम नहीं है।

### क्या था ई-वाहन का उद्देश्य

निगम के सूत्रों का कहना है कि ई-वाहन परियोजना का उद्देश्य था कि नगर निगम की आंतरिक परिवहन आवश्यकताओं को स्वच्छ ऊर्जा से पूरा किया जाए, और कार्यालयों के बीच कर्मियों की आवाजाही को ई-वाहनों से सुनिश्चित किया जाए। इससे ना केवल खर्च कम होता, बल्कि दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण में भी योगदान मिलता।

### सौ वाहनों के बीच में छुपाई गई है आयुक्त की गाड़ी

निगम सूत्रों का कहना है कि जिस ई-वाहन को निगमायुक्त प्रयोग करते थे, वह ई-वाहन इन वाहनों के बीच में इस तरह छुपाया गया है ताकि किसी की भी आसानी से नजर ना पड़े। बता दें कि डीएल 7 सीएपी 0001 कार इन दिनों निगम बेसमेंट की पार्किंग में घूल से अटी पड़ी हुई है और जिसकी नजर पड़ती है, वह कहता है कि निगम आयुक्त के वाहन को तो कम से कम कवर से ढ़क देना चाहिए।

### सेवा बंद होने से लोग हुए बेरोजगार

इन ई-वाहनों से जुड़े ड्राइवर, सहायक स्टाफ को भी बिना किसी सूचना के हटा दिया गया या उनके कॉन्ट्रैक्ट नहीं बढ़ाए गए। एक पूर्व ई-वाहन चालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उम्मीद से यह नौकरी की थी कि दिल्ली में पर्यावरण सुधार और स्मार्ट ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बनेंगे, लेकिन अब हम फिर से बेरोजगार हो गए हैं।

### दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने साधी चुप्पी

दिल्ली नगर निगम और ईईएसएल के बीच हुए समझौते के बावजूद यह परियोजना किस कारण ठप हुई, इस विषय पर निगम का कोई भी अधिकारी आधिकारिक बयान नहीं दे रहा है और अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। यह भी नहीं बताया जा रहा है कि इस योजना को अब आगे बढ़ाया जाएगा भी या नहीं।

### दिल्ली सरकार 25 जुलाई से दिल्ली हाट पीतमपुरा में करेगी तीन दिवसीय तीज मेले का भव्य आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी में एक भव्य तीज मेला आयोजित करने जा रही है। यह आयोजन 25 जुलाई से 27 जुलाई तक दिल्ली हाट, पीतमपुरा में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 25 जुलाई की शाम करेंगी। मेले में 26 जुलाई को एक भव्य सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें लोकप्रिय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान तीनों दिन दिन-भर लोकनृत्य, लोकगीत, मैजिक शो आदि तीज मेले की शोभा बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत, महिला शक्ति और पारंपरिक कलाओं का उत्सव होगा। जिसमें हर पीढ़ी के लिए कुछ न कुछ खास शामिल रहेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष तीज महोत्सव को खास बनाने के लिए आयोजन स्थल को विषय आधारित भव्य सजावट से सजाया जाएगा। पूरे परिसर को पारंपरिक तीज थीम के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिसमें 3-डी एंट्री गेट, रंग-बिरंगे झूमर व लाइट्स, एलईडी और स्पॉट लाइट्स का उपयोग किया जाएगा। इस मेले में आने वाले लोगों को डिजिटल अनुभव देने की पूरी तैयारी की गई है। आयोजन स्थल पर कम से कम तीन थीम आधारित सेल्फी बूथ होंगे, जिनमें एक एआर सेल्फी बूथ शामिल रहेगा।

# पर्यावरण, रोजगार व तकनीकी नवाचार पर विमर्श, 22 राज्यों की भागीदारी

## कार्यक्रम मंथन 2025: वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई द्वारा आयोजित बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा टूरिज्म के सूरजकुंड, फरीदाबाद में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई की राष्ट्रीय बैठक एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम मंथन 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत गणराज्य के 22 प्रदेशों के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया। इस बैठक में परिषद के केंद्रीय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ-साथ सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव टीम की भी गरिमामयी सहभागिता रही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले 22 राज्यों में गुजरात, मध्य प्रदेश, दमनदीव, असम, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू.कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, दिल्ली, गोवा, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु प्रमुख रहे।

इस बैठक में प्रशिक्षण सत्र को विक्रम शर्मा, सेंट्रल डायरेक्टर, एजुकेशन एंड ट्रेनिंग बोर्ड द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में परिषद की कार्यप्रणाली, राज्य स्तर पर संचालन की रणनीति एवं संगठनात्मक दक्षता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। साथ ही परिषद के सभी सदस्यों को पीआर शर्मा, सेंट्रल एडवाइजर द्वारा भी बहुत ही अहम बिंदुओं पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनके कार्बन क्रेडिट के पहलुओं और बिंदुओं पर प्रकाश डाला एवं एडवोकेट उमाशंकर राहुल के द्वारा भी विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे गए।

### समर्पित एवं प्रतिबद्ध भाव से आगे बढ़ना होगा




राहुल द्विवेदी ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी पर्यावरण की समृद्धि और संवेदनशीलताओं को समझते हुए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। हमें संगठन की कार्यनीति का अनुशासित पालन करते हुए, समर्पित एवं प्रतिबद्ध भाव से आगे बढ़ना होगा। भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संवाद, सहयोग और निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। बैठक में पर्यावरण संवर्धन के विषय में कार्यों, वर्तमान में चल रहे प्रकल्प एवं अभियानों के विषय में जानकारी दी गई, साथ ही बताया गया कि उनका क्रियान्वयन कैसे होगा और प्रदेश किस प्रकार इनमें अपनी सहभागिता देंगे। आगामी प्रकल्पों के विषय में भी कई योजनाओं को प्रस्तुत किया गया और उस पर चर्चा की गई। आपसी समन्वय एवं संवाद तंत्र के विषय में भी सभी को विस्तृत जानकारी दी गईए ताकि संगठन की भीतरी कार्यप्रणाली एवं संवाद प्रणाली अधिक प्रभावशाली बन सके।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**फरीदाबाद।** साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 25 जोड़ों को परिणय-सूत्र में बांधे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर प्रवीन बत्रा जोशी, साई धाम के संस्थापक अध्यक्ष मोतीलाल गुप्ता, डॉ. बीनू शर्मा व शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के एडवाइजरी बोर्ड सदस्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### सागर संस्था ने किया पौधरोपण कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** हरियाणा की संस्था सागर द्वारा गांव ददसिया एवं टिकावली में अम्बेडकर भवन, बारात घर व ग्राम सचिवालय में पौधरोपण किया गया। सदस्य सेंसरपाल एवं प्रेम सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं, प्रकृति ने पेड़ पौधों के रूप में हमें बड़ा वरदान दिया है। इनसे जीवन के जरूरी चीज मिलती है, लेकिन मनुष्य ने आधुनिकता की दौड़ में पौधों का दोहन किया है।

### पिकअप ने स्कूटी सवार भाई-बहन को मारी टक्कर



**गाजियाबाद।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर कॉलोनी के पास तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने स्कूटी सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। घटना में बहन की मौके पर मौत हो गई और भाई गंभीर रूप से घायल है। दोनों भाई-बहन स्कूटी पर बैठकर ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि महिंद्रा पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

### फार्महाउस पर छापा, 13 जुआरियों को पकड़ाए



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बीआर फार्महाउस पर शुक्रवार रात मोदीनगर पुलिस और स्वॉट टीम ने छापा मारकर 13 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 1.76 लाख रुपये की नकदी और 14 मोबाइल फोन बरामद किए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शुक्रवार रात दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित बीआर फार्महाउस में जुआ खेलने की सूचना मिली थी।

### 1 किलो 510 ग्राम गांजा बरामद, आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने कार्रवाही करते हुए 1 किलो 510 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए पवन निवासी टोडापुर पाडोदी गुरुग्राम हाल सुंदर कॉलोनी समयपुर फरीदाबाद को 1 किलो 510 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।

### वाहन चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। कृष्ण पांचाल डबुआ थाना में दी शिकायत में बताया कि 5 जुलाई को सैनिक कॉलोनी में काम करने के लिए आया था, जहां से किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ले गया। अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने साहिल वासी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है।

## राधिका पर पाबंदियों को लेकर

# बेस्ट फ्रेंड ने इंस्टा पर बताई चौंकाने वाली सच्चाई, वीडियो जारी कर किए खुलासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। राधिका की हत्या के बाद अब उसकी की एक दोस्त ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में कई सनसनीखेज दावे किए हैं।

राधिका की दोस्त हिमांशिका सिंह राजपूत ने वीडियो में बताया कि हम बेस्ट फ्रेंड थे। हम पिछले आठ-दस साल से बहुत क्लोज थे। मैंने उसको अब खो दिया है। मैं उसका शव देखकर आई हैं। वीडियो का मुख्य कारण यही है कि आप लोग सब जान पाओ कि राधिका यादव कौन थी।

### राधिका को फोटो शूट कराना और वीडियो बनाना बहुत पसंद था





उसे फोटो शूट कराना और वीडियो बनाना बहुत पसंद था। हिमांशिका ने बताया कि ₹उसका गीत कारवां यूं ही चलता रहा मेरा, दिन भी यूं ढलता रहा मेरा, फिर तुम्हारी याद आई हमको₹ एक नॉर्मल वीडियो थी। इस पिता ने इस वीडियो के लिए उसे इजाजत दी थी। उसके अलावा भी उसके काफी वीडियो थे। धीरे-धीरे करके सब चीजें बंद हो गईं क्योंकि परिजन ऐसी बातें करते थे कि लोग क्या कहेंगे। उसपर काफी पाबंदियां थीं। उसका परिवार काफी ऑर्थोडॉक्स था। उसके परिवार को हर चीज से परेशानी होती थी। हर चीज में रोका-टोकी होती थी।

### 'किसी के पास कोई सबूत हो तो दिखाओ'

हिमांशिका ने बताया कि हम और राधिका 2012-13 में साथ में ट्रैवल भी करते थे। आपस में भी कई सारे मैच खेले हैं। वो किसी से ज्यादा बात नहीं करती थी। वो अपने परिजन के साथ ही रहती थी। लव जिहाद के बारे में बात हो रही है। किसी के पास कोई सबूत हो तो दिखाओ। वो किसी के बात भी नहीं करती थी।

### 'उसे हर एक सवाल का जवाब देना पड़ता था'

राधिका की बेस्ट फ्रेंड हिमांशिका सिंह ने वीडियो में कहा कि उसके घर में बहुत ज्यादा पाबंदियां थीं। उसे काफी समय से अपने घर में घुटन महसूस होती थी। उसे हर एक सवाल का जवाब देना पड़ता था। वीडियो कॉल्स पर भी दिखाना पड़ता था कि किससे बात कर रहे हो। वो कहती थी कि हिमांशिका से बात कर रही हूं। मैं उसके घर भी जाती थी।

### भाई ने दोस्त के बयान को बेबुनियाद बताया

राधिका के भाई धीरज यादव ने अपनी बहन के हत्या के मामले में कुछ महत्वपूर्ण बयान दिए हैं। उन्होंने कजिन की दोस्त हिमांशिका द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। जिसमें कहा गया था कि उनके पिता दीपक यादव ने तीन दिन पहले से हत्या की साजिश रची थी और उन्हें घर से बाहर भेज दिया गया था। धीरज ने इन दावों को पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद बताया है।

### रिमांड में नहीं बता पाया किसी का नाम

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रिमांड के दौरान भी दीपक से बार-बार उन लोगों के नाम पूछे गए जिन्होंने उसे ताने मारे थे। लेकिन उसने एक भी नाम नहीं बताया। ऐसे में पुलिस को शक है कि यह बयान दीपक ने खुद को बचाने या जांच को गुमराह करने के लिए दिया था। पुलिस के अनुसार अगर गांव वाले ताने मारते भी तो कोई न कोई गवाह जरूर होता।

## सांसद, एमएलए के साथ महासम्मेलन पहुंचे

# सरकार के अन्याय के खिलाफ कांग्रेस करेगी डटकर मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा अनंगपुर में आयोजित महापंचायत में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। कहा पंचायत का जो भी निर्णय होगा, उसमें कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का आश्वासन दिया।

कहा कि किसान, गरीब, मजदूर का आशियाना उजाड़ा जा रहा है। गांव अनंगपुर समेत खोरी, बड़खल, नेहरू कालोनी व अन्य कालोनियों में तोड़फोड़ का पुरजोर विरोध करेंगे। अगर सरकार अन्याय करेगी तो कांग्रेस पार्टी के 37 विधायक और 5 सांसद चंडीगढ़ से लेकर दिल्ली तक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। सरकार को समय सीमा दी जाए और उसके अनुरुप लड़ाई को विधानसभा से लेकर संसद तक आगे बढ़ाया जाए।

### भाजपा की नीयत पर सवाल उठाया

उन्होंने सवाल किया कि भाजपा सरकार लुटेरे वर्ग के लिए है या कमजोर वर्ग के लिए। भाजपा सरकार की नजर अरावली इलाके पर है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ठीक से पैरवी नहीं की इसलिए उसकी नीयत पर भी सवाल उठते हैं। लड़ाई में हरियाणा की 36 बिरादरी साथ खड़ी है।
कोर्ट का फैसला है तो रास्ता निकालना भी सरकार का काम है। उन्होंने याद दिलाया कि भूमि अधिग्रहण का सवा सौ साल पुराना कानून यूपीए सरकार ने बदलकर किसान के हक का कानून बनवाया। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 750 किसानों ने अपनी कुर्बानी दी तो देश की सरकार ने तीनों कानून वापिस लिया। सरकार अपनी गलती सुधारे और तुरंत तोड़फोड़ बंद करें।
जिनके घरों को तोड़ा गया है उनको पर्याप्त मुआवजा दे।

## मूल्य आधारित राजनीति ही संगठन की आत्मा

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के प्रथम निजी प्रवास पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एम चुबा आओ का रविवार को राजनगर मण्डल, गाजियाबाद में प्रथम निजी प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय नगर पी ब्लॉक समें आवास पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. चुबा ने कहा कि मूल्य आधारित राजनीति ही संगठन की आत्मा है।उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं का समर्पण और अनुशासन, भाजपा के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।" उन्होंने नवगठित मण्डल टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित में समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

इस विशेष अवसर पर आयोजित बैठक का मंच संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनीत शर्मा द्वारा अत्यंत कुशलता से किया गया, जिससे कार्यक्रम में अनुशासन और गरिमा का विशेष समावेश रहा। नवगठित राजनगर मण्डल द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं की सजीव उपस्थिति, अनुशासन एवं उत्साह विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने महानगर का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा, नवगठित राजनगर मण्डल संगठन के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बनेगा। उनके परिश्रम से ही पार्टी की विजय सुनिश्चित होती है। हर मण्डल का सक्रिय और समर्पित होना ही आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता की कुंजी है।

# कूड़ा संग्रहण के लिए सरकार का निर्धारित यूजर चार्ज ही दे शहरवासी

## अनुचित शुल्क वसूली पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. विजयपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर-घर से कूड़ा संग्रहण सेवा हेतु केवल राज्य सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा निर्धारित एवं अधिसूचित यूजर चार्ज ही वसूल किए जाएं। यदि कोई व्यक्ति या एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल करती है तो उनके विरुद्ध नियमों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह निर्देश नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के दिशा-निर्देशों के तहत जारी किए गए हैं, ताकि स्वच्छता व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। अतिरिक्त आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि कूड़ा केवल अधिकृत सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंट अथवा ट्रांसफर स्टेशन पर ही




डाला जाए। घर-घर संग्रहण में केवल घरेलू ठोस कचर की अनुमति है। यदि किसी सेकेंडरी प्वाइंट अथवा ट्रांसफर स्टेशन पर निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरा अथवा औद्योगिक कचरा पाया गया, तो संबंधित एजेंसी अथवा व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। घरेलू कचरे में औद्योगिक कचरे अथवावेस्ट का पाया जाना कड़ाई से वर्जित है। नगर निगम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित बनाना है। अतः सभी कूड़ा संग्रहण एजेंसियों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि वे नियमों का पालन करें एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप ही कार्य करें।

# पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त शिखा दरबारी लंदन में हुई सम्मानित

## गरीब बच्चियों को दिलाती हैं निशुल्क शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



अउआ की महासचिव और प्रदेश की पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी को गरीब बच्चों को शिक्षा और उनके सामाजिक कार्यों के लिये ब्रिटेन की राजधानी लंदन में सम्मानित किया गया। उन्हें 'चेंजमेकर इन स्किल डवलपमेंट अवार्ड' दिया गया है। इस समारोह में जदयू महासचिव व गाजियाबाद के पूर्व सांसद केसी त्यागी ने भी शिरकत की।

डॉ. शिखा दरबारी ने सेवानिवृति के बाद गरीब परिवारों की बच्चियों को निशुल्क शिक्षा दिलाने का काम किया है। कस्तूरबा विद्यालयों में आने वाली बच्चियों को 'सरविन फाउंडेशन सोसायटी' के माध्यम से उन्होंने रोजगारपरक शिक्षा दिलाने का बीड़ा उठाया, जिसमें उन्हें सफलता मिली। यह संस्था गरीब बच्चियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और बिना किसी लागत वाले रोजगार के हुनर सिखाने का काम करती है। यह संस्था अब तक सैकड़ों गरीब बच्चियों को आर्थिक रूप से उनके पैरों पर खड़ा करने में सफल हुई है। संस्था पर्यावरण और चिकित्सा जागरूकता के क्षेत्र में भी बड़ा काम कर रही है।

उन्हें 'चेंजमेकर इन स्किल डवलपमेंट अवार्ड' लंदन की 'इंटरनेशनल समिट एण्ड अवाड्र्स' नामक संस्था ने दिया है। समारोह में शामिल हुए पूर्व सांसद केसी त्यागी ने इस मौके पर कहा कि डॉ. दरबारी तमाम वर्तमान और पूर्व अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अधिकारी हों या नेता, अथवा समाज में हर वह व्यक्ति, जो आर्थिक रूप से सक्षम है, समाज के आखिरी पायदान पर खड़े देश के भविष्य के लिये काम कर सकता है। गरीबी रोजगार से ही खत्म होगी और इसके लिये रोजगारपरक शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि खासकर गरीब परिवारों की बच्चियों के लिये हर किसी को कुछ न कुछ करना चाहिए।

## तीन ने लूटा था पेट्रोल पंप

# मुठभेड़ों में छह अपराधी गिरफ्तार पुलिस की गोली से चार घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान बावरिया गिरोह के तीन सदस्यों समेत 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गली में चार अपराधी घायल हुए हैं उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से हथियार बरामद हुए हैं।

पुलिस उपायुक्त ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि शनिवार की रात्रि में थाना मुरादनगर पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए काकड़ा पुलिया से हुसैनपुर मार्ग की तरफ़ गस्त पर थी। तभी पुलिया पर तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें टोका तो वे घबरा गए और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर



दी। पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी कार्यवाही में दो राउंड फायर किए जिसमें दो युवकों के पैर में गोली लगी। जिससे वे नीचे गिर गए । तीसरे युवक ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने का प्रयास किया । हालांकि पुलिस ने पुलिस दबोच लिया ।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे बाबरिया गैंग के सदस्य हैं । कुछ दिन पूर्व मुरादनगर क्षेत्र में ग्राम रेवड़ा रेवड़ी में घरों में चोरी की घटना, करीब 15 दिन पूर्व थाना मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम सुराना के दो घरों में चोरी की घटना , करीब एक महीने पूर्व थाना मुरादनगर के ग्राम डिडौली में चोरी की घटना ,करीब ढाई महीने पूर्व थाना मुरादनगर के ग्राम ढिंढार में चोरी की घटना , इससे पूर्व भी थाना मुरादनगर के ग्राम सुराना में की गई चोरी की घटना में शामिल थे । मसूरी में विक्रम बिंदर अमरीश धर्मेंद्र उर्फ टिड्डी छोटू के द्वारा चोरी के दौरान मारपीट करके भाग गए थे तथा थाना खेकड़ा क्षेत्र में चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया तथा बताया गया कि हम रैकी करते हुए खेतों से लगे हुए घरों में ग्रुप बना कर चोरी करते हैं जिसमें हमारे साथी संजय, मोदी ,बिंदर, अमरीश धर्मेंद्र उर्फ टिड्डी शामिल हैं ।

# जॉर्जिया में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.60 लाख की ठगी, मांगे थे 12.85 लाख रुपए

## जीवन लाल चौधरी वर्किंग वीजा पर विदेश भेजने का काम करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने दो युवकों को जॉर्जिया में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.60 लाख रुपए की ठगी कर ली। जालसाजों ने 10 युवकों को नौकरी लगवाने के लिए 12.85 लाख रुपए मांगे थे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने महिला सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की है।

पुलिस को दी शिकायत में अशोक विहार फेज-2 निवासी प्रेम बहादुर खडक्का ने बताया कि वह टैक्सी में दिल्ली से नेपाल तक सवारियों को लाने व ले जाने का काम करता है। इसी दौरान उसकी नेपाल के जीवन लाल चौधरी से मुलाकात हुई। जीवन लाल चौधरी वर्किंग वीजा पर विदेश भेजने का काम करता है।




प्रेम बहादुर ने अपने भतीजे विवेक व निर्मल को वर्किंग वीजा पर जॉर्जिया भेजने के लिए बात की। जिसमें उनके सहित दस युवकों को वीजा दिलाने पर 10 लाख रुपए में बात हुई। इसके बाद जीवन चौधरी ने चंडीगढ़ के सेक्टर-34 स्थित द सेटअप कंसलटेंट के कार्यालय में आकर मिलने के लिए कहा। 18 मई को वह कार्यालय में गया तो वहां पर एक स्टाफ सदस्य मिला। इसके बाद प्रेम बहादुर के पास रमनदीप कौर नामक महिला का कॉल आया और उसने कहा कि सिक्योरिटी फीस व सेटिंग करने के लिए कुल 12.85 लाख रुपए देना होगा। इसके बाद रमनदीप कौर ने प्रेम बहादुर के व्हाट्सएप पर 10 वीजा की फाइल भेज दी और 12.85 लाख रुपए ऑनलाइन भेजने के लिए कहा। रमनदीप कौर के कहने पर 1.60 लाख रुपये हिमांशु नामक युवक के खाते में डाल दिए।

रमनदीप कौर ने 3 जून को दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर पहुंचने के लिए कहा ताकि उनको जॉर्जिया भेजा जा सके। विवेव व निर्मल अन्य युवकों के साथ एयरपोर्ट पहुंच गए। इसके बाद दोपहर बाद 2.14 मिनट पर रमनदीप कौर ने प्रेम बहादुर का नंबर ब्लॉक कर दिया। जब प्रेम बहादुर ने दूसरे मोबाइल से रमनदीप कौर को कॉल की तो उसने रुपए वापस देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

**नौकरी के लिए युवक ने फंदा लगा की खुदकुशी:** आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में नौकरी के लिए गुरुग्राम आए युवक ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक का शव पंखे से लगे फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया।

# यूपी में महिला कांवड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात होंगे दस हजार पुलिसकर्मी

## 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांवड़ यात्रा में करीब 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने महिला केंद्रित सुरक्षा माडल को लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला सिपाहियों की मौजूदगी सुनिश्चित की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार कांवड़ यात्रा के रूट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए दस हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें 8,541 महिला मुख्य आरक्षी और 1,486 महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं। वहीं पुलिस की ओर से प्रदेशभर में कांवड़ यात्रा के लिए 66 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत है।



### महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क

*कांवड़ यात्रा में इस बार उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से करीब छह करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। कांवड़ यात्रा में करीब 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने महिला केंद्रित सुरक्षा माडल को लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला सिपाहियों की मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ भी स्थापना किए गए हैं।*

### रात को सभी क्यूआरटी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती अनिवार्य

कांवड़ यात्रा में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश की सभी क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। रात के समय सभी क्यूआरटी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती अनिवार्य की गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर क्यूआरटी के गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश में 11 जोन में बनाए गए हैं। वहीं विशेष कंट्रोल रूम के माध्यम से हेल्पलाइन नंबरों को भी महिला पुलिस कर्मियों के माध्यम से मानीटर किया जा रहा है।

### मेरठ में 3,200 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

कांवड़ यात्रा मार्गों को लेकर बनाए गए जोन में महिला श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई हैं। कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्गों में से मेरठ जोन में सबसे अधिक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां 3,200 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जिलों में जगह-जगह महिला पुलिसकर्मी महिला श्रद्धालुओं की मदद के लिए तैनात की गई हैं। वहीं ड्रोन से निगरानी, सीसीटीवी और इंटरनेट मीडिया निगरानी जैसे डिजिटल उपायों से भी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है।

## खबर संक्षेप

### भाषाई आधार पर हिंसा घातकः मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। मायावती लखनऊ में पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में जनाधार बढ़ाने को लेकर समीक्षा की।

### धर्मांतरण कराकर युवती से किया निकाह



**लखनऊ।** यहां लव जिहाद का मामला सामने आया है। एक युवती को दूसरे समुदाय के युवक ने प्यार में फंसाया। फिर नशीला पदार्थ खिलाकर रेप किया। उसने इसका वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती का धर्मांतरण कराया और शादी कर ली। आरोप है कि युवती से नमाज पढ़वाने के साथ ही उसे प्रतिबंधित मीट भी खिलाया।

## उत्तर प्रदेश में संस्कृति और पर्यटन को नई पहचान


# किले में पर्यटकों के ठहरने योगी सरकार जल्द करेगी 11 ऐतिहासिक विरासतों का पुनरोद्धार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को संवारने की दिशा में एक अहम पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 11 पुराने किलों और भवनों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। यह कार्य सार्वजनिक-निजी साझेदारी मॉडल के तहत किया जाएगा, जिससे संरक्षण के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।*

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की ऐतिहासिक विरासतों को नया जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 11 पुराने किलों और भवनों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह कार्य सार्वजनिक-निजी साझेदारी मॉडल के तहत किया जाएगा और इसके लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसियों से अनुरोध प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल इन ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करना है, बल्कि स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना और रोजगार के अवसर पैदा करना भी है। इससे हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

**सार्वजनिक-निजी साझेदारी मॉडल के तहत होगा काम** | **हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा रोजगार**



### चयनित 11 स्थलों के नाम

विकास के लिए चयनित 11 विरासत स्थलों में ललितपुर का तालबेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भूरागढ़ किला, गोण्डा की वजीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-इरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं।

### संग्रहालय के रूप में होगा विकसित

ये स्थल अपनी विशिष्ट वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। इनका पुनरोद्धार कर इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे पर्यटक इन स्थलों पर ठहर कर इतिहास और संस्कृति को नजदीक से अनुभव कर सकें।

### बाबा विश्वनाथ धाम की सुरक्षा में पुलिस का महाकवच

**वाराणसी।** जिले में सावन माह के पहले सोमवार पर बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए लाखों शिवभक्तों और कावड़ियों के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पुलिस ने दावा किया है कि भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी कदम उठा लिए गए हैं। एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी के अनुसार देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शहर में बैरिकेडिंग की गई है।

## चुनाव आयोग पर खूब बरसे तेजस्वी

# रोटी छीन सकते हैं लेकिन उनके वोट का अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाए. तेजस्वी यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कल 80% फॉर्म जमा होने की जानकारी दी गई।

3आयोग ने ये नहीं बताया कि कितने प्रपत्र सत्यापित, स्वच्छ और वैध तरीके से भरे गए हैं? जमीन से लगातार हमें सूचना मिल रही है कि बिना मतदाता के जानकारी और बिना सहमति के बीएलओ द्वारा फर्जी अंगूठा या हस्ताक्षर लगाकर प्रपत्र को अपलोड किया जा रहा है। आंकड़े मात्र अपलोडिंग का दर्शा रहे हैं जबकि आयोग ने प्रमाणिकता, सहमति और वैधता की कोई गारंटी नहीं दी है। आयोग का 80% का दावा जमीनी हकीकत से पूरी तरीके से विपरीत है।

### फर्जी अपलोडिंग की संभावनाओं पर मौन है चुनाव आयोग

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दस्तावेजों में लचीलापन लाने की सलाह के बावजूद निर्वाचन आयोग ने कोई औपचारिक संशोधित अधिसूचना जारी नहीं की है। चुनाव आयोग फर्जी अपलोडिंग की संभावनाओं पर चुप है। चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों की भागीदारी का उल्लेख तो किया गया है लेकिन यह नहीं बताया गया कि बीएलए को वास्तविक निरीक्षण की भूमिका दी गई या केवल उपस्थिति की सूचना दर्ज की जा रही है।

## पेज एक का शेष

### मराठी बोलने से किया...

**माफी मांगने और मराठी में नारे लगाने के लिए मजबूर किया :** ड्राइवर से पूछा था कि वह सबके सामने मराठी क्यों नहीं बोलता, जिस पर ड्राइवर ने कहा था कि वह ऐसा नहीं करेगा और भोजपुरी और हिंदी में बात करेगा। इस घटना के बाद शिवसेना यूबीटी और एमएनएस के समर्थकों ने रेलवे स्टेशन के पास ऑटो-रिक्शा ड्राइवर को पकड़ लिया। इस झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें इन लोगों को ड्राइवर को बार-बार थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया। उसे माफी मांगने और मराठी में नारे लगाने के लिए मजबूर किया गया। सेना यूबीटी विरार सिटी प्रमुख उदय जाधव ने कबूल किया कि समूह ने सच्ची शिवसेना शैली में जवाब दिया। जाधव कथित तौर पर घटनास्थल पर मौजूद थे।यह एक और नई घटना ऐसे समय में हुई है, जब महाराष्ट्र में मराठी बोलने को लेकर हिंदी भाषी लोगों पर कई हमले हुए। राजनीतिक गलियारों में भी इस मुद्दे पर खूब घमासान हो रहा है।

**मराठी बनाम उत्तर भाषी का विवाद :** मीरा-भायंदर में दुकानदार को पीटने का वीडियो खूब वायरल हुआ था और इसके बाद मराठी बनाम उत्तर भाषी का विवाद बड़े पैमाने पर खड़ा हो गया था। भाजपा और शिवसेना (यूबीटी ) के नेताओं की बयानबाजी की वजह से यह मामला काफी ज्यादा तूल पकड़ गया था। अब फिर वैसा काम किया।

**1 जुलाई को स्ट्रीट फूड विक्रेता को जड़ दिया था थप्पड़ :** इससे पहले 1 जुलाई को एमएनएस कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक स्ट्रीट फूड विक्रेता को थप्पड़ मारा था। बाद में सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था।मुंबई के मीरा रोड उपनगर में, जोधपुर स्वीट शॉप चलाने वाले 48 साल के दुकानदार बाबूलाल चौधरी को सात एमएनएस कार्यकर्ताओं ने थप्पड़ मारे और धमकाया। उनके कर्मचारी, राजस्थान के रहने वाले बाघाराम ने एमएनएस कार्यकर्ताओं से हिंदी में बात की।

### सरकार प्रवासी उद्यमियों ...

डॉ. यादव रविवार को दोपहर बाद दुबई पहुंचें। उन्हें आईआईबीएन के सदस्यों ने निवेश प्रस्तावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में आईआईबीएन की कोर कमेटी के सदस्य अजय कसलीवाल, प्रेम भाटिया, सुश्री अंजू भाटिया, निलेश जैन, मनोज झारिया, नसीर खान और अमित श्रीनिवास ने जानकारी दी कि यूएई में निवासरत इंदौरी प्रवासी निवेश की संभावनाओं को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। उन्हें राज्य सरकार से मिलने वाले मार्गदर्शन और सहयोग को लेकर पूरा विश्वास है।

**विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस का प्रस्तावः** कार्यक्रम में दुबई स्थित फ्यूचर वाइज एजुकेशन की सीईओ सुश्री अंजू भाटिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मध्यप्रदेश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस की स्थापना का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय डिग्री अपने ही राज्य में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रेम भाटिया ने बताया कि वे इंदौर से दुबई आने वाले शुरुआती परिवारों में से एक हैं। आज उनकी बदौलत 400 से अधिक परिवार यूएई में रोजगार प्राप्त कर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के प्रस्तावों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी उद्यमियों को राज्य में निवेश के लिये हर संभव सहयोग और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ निवेश का प्रस्ताव :** दुबई में रहने वाले सीए प्रवीण मेहता ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए निजी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले सस्टेनेबल सिटी के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भी उन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है, जिनके बच्चे विदेशों में हैं। उन्होंने कहा कि यदि आपके बच्चे बाहर हैं, तो हम आपका परिवार हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित कलेक्टर इन वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### 60 लाख के बीमा...

और एसबीआई में करीब 60 लाख रुपये के बीमा कराए थे। ये पॉलिसियां इस साल मार्च में ही करवाई गई थीं। फिल्म 'दृश्यम' से प्रेरित होकर उसने हादसे का नाटक रचा, लेकिन पुलिस की जांच और सीसीटीवी फुटेज ने साजिश का पर्दाफाश कर दिया।

**सीसीटीवी ने खोली पोल :** मामले में पुलिस ने बताया कि वेंकटेश ने बड़ी ही चालाकी से हत्या की योजना बनाई। वह रामव्वा को खेत में काम के बहाने ले गया और रात में उसे अकेले पैदल घर भेज दिया। पहले से तैयार उसके साथी ने रास्ते में कार से रामव्वा को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वेंकटेश ने इसे सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की ताकि बीमा की रकम मिल सके। पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध लगा। जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें कई विरोधाभास नजर आए। इससे पुलिस को वेंकटेश पर शक हुआ।

**वेंकटेश ने कबूला अपना जुर्म :** इसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर वेंकटेश ने आखिरकार जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने सिर्फ बीमा की रकम पाने के लिए अपनी सास की हत्या करवाई थी। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि वेंकटेश ने अपने भाई को भी इस साजिश में शामिल किया था और उसे आधा पैसा देने का वादा किया था।

फिल्म 'दृश्यम' से मिलती है साजिश की कहानी

पुलिस का कहना है कि पूरी योजना फिल्म 'दृश्यम' जैसी ही थी, जिसमें आरोपी बड़ी सफाई से झूठी कहानियां और सबूत तैयार करता है ताकि कानून को गुमराह कर सके। यह वारदात ना सिर्फ क्रूरता की मिसाल है, बल्कि यह भी दिखाती है कि लालच इंसान को कहां तक ले जा सकता है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### थाने का घेराव तब...

देकर बंटी सिंह सहित 7 लोगों को हिरासत में लिया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम, सीएसपी, नगर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### सत्ता में आकर...

अपने लोगों ने स्वीकार किया, उन्हें कभी किसी पर अपनी बात थोपनी नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि लोगों का ये मानना कि मैं सबसे होशियार हूं। मैं 'साहब' बन गया हूं, मैं दूसरों की गिनती भी नहीं करता। ऐसा अहंकार सच्चे नेतृत्व को कमज़ोर कर देता है। टीमवर्क पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत चाहे वह राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या कॉर्पोरेट जीवन, मानवीय संबंधों में निहित होती है। आप अपने अधीनस्थों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, यह मायने रखता है। सम्मान की मांग नहीं की जानी चाहिए, इसे अर्जित किया जाना चाहिए। अगर आप इसके लायक हैं तो आपको यह मिलेगा।

सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर बात करते हुए गडकरी ने कहा कि शिक्षक भी इसमें शामिल हैं। कुछ तो नियमित नियुक्तियों के लिए भी रिश्वत मांगते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अच्छी तरह जानता हूं कि शिक्षा विभाग में क्या चल रहा है। अधिकारियों की जवाबदेही पर गडकरी ने कहा कि जब आपको नौकरी मिलती है तो आपकी परीक्षा होती है। मैं पूछता हूं कि क्या आप गधे को घोड़ा बना सकते हैं? यह मत कहो कि इसमें सुधार नहीं हो सकता क्योंकि सुधार के लिए ही तो आपको बुलाया गया है।


## महत्वपूर्ण सूचना

## कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था (23.07.2025 तक)

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली-शामली-दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 74022 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

**चलने की तिथिः 74023 दिल्ली** से 24.07.2025 तक और **74022 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली-सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 64558 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

**चलने की तिथिः 64557 दिल्ली** से 24.07.2025 तक और **64558 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 ↑ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04312 ↓ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

**चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद** एवं **04312 लक्सर** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04313 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

**चलने के दिनः 04314 हरिद्वार** से 24.07.2025 तक एवं **04313 दिल्ली जं.** से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04315 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

**चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश** से 24.07.2025 तक एवं **04315 दिल्ली शाहदरा** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

**चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश** से 09.08.2025 तक एवं **04317 आलमनगर** से 10.08.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04414 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

**चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक एवं **04414 हरिद्वार** से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |


**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style

# तृप्ति
## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।



हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।



**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** : *मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** : *हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** : *कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** : *कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** : *अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

# भगवान श्रीमहाकाल की भस्मारती में सपत्नीक शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रावण के पवित्र माह के दूसरे दिन उज्जैन में सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर भस्मारती में शामिल हुए। भस्मारती के बाद उन्होंने सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल का पूजन किया। डॉ. यादव ने नरसिंह घाट पर स्नान कर पूजन-अर्चन भी किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में भ्रमण कर श्रद्धालुओं से उनके मंदिर में दर्शन अनुभव की जानकारी ली और कुशल क्षेम जानी।

## नरसिंह घाट पर स्नान कर किया पूजन-अर्चन

### कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए उचित प्रबंध



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा श्रीमहाकाल की कृपा से प्रदेश में सभी क्षेत्रों में समान रूप से निवेश आकर्षित कर युवाओं को रोजगार के समान अवसर दिए जा रहे हैं। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कांवड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के साथ, उनकी सुविधा के लिए प्रदेश के सभी देवस्थानों में उचित प्रबंधन किए गए हैं। सरकार सर्वजन हिताय के ध्येय को आत्मसात कर कार्य कर रही है। लाड़ली बहनों और सभी वर्ग से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी के साथ किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय वैदिक साहित्य और परंपरागत ज्ञान ने हमें सिखाया है कि पेड़-पौधों में भी जीवन है। इसी आधार पर हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं और उनको अपना संरक्षक मानते हैं। वे हमारे लिए जीवन यापन का महत्वपूर्ण साधन भी हैं।

डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में महाकाल परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। अभियान का शुभारंभ मंत्रोउच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी और महाकालेश्वर मंदिर के महंत विनीत गिरी महाराज का शॉल और महाकाल का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस ने विदेशों में जाकर यह सिद्ध किया कि वनस्पतियों में भी जीवन है। वहां के लोगों ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। विदेशी नागरिकों ने कहा कि जब आप यह बात भारत में बताएंगे तो आपकी खूब प्रशंसा होगी। इस पर डॉ. बोस ने बताया हम भारतीय तो परंपरागत ज्ञान से ही जानते हैं कि पेड़-पौधों में जीवन होता है।

## हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, उनको अपना संरक्षक मानते हैं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिए पौधे



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधे अवश्य लगाना चाहिए। इससे हमें प्रकृति के उपकार को चुकाने अवसर मिलता है। हम कोशिश करें कि वर्षा ऋतु में पांच पौधे अवश्य लगाएं, इससे हम प्रकृति को उसके आशीर्वाद के बदले एक उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद और संत उमेश नाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, अनिल जैन कालूखेड़ा, संजय अग्रवाल और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आरएमपी चेयरमैन और सिंह बने उपाध्यक्ष

**भोपाल।** बिहार फाउंडेशन भोपाल चैप्टर की बैठक मानवेंद्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में हुई। निर्वाचन अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने चुनाव संपन्न कराया, जिसमें चेयरमैन आरएमपी सिंह, उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सचिव संतोष कुंवर और कोषाध्यक्ष कुंवर प्रसाद को बनाया गया है। वहीं कार्य समिति सदस्य में मुकेश पाण्डेय, विजय सोनी, योगेंद्र प्रसाद सिंह, मुकेश सिंह, बीएम पांडेय, आनंद पाण्डेय, रंजीत कुमार, विमल सिंह, अमित पाण्डेय, कमलेश पंडित और अभिरंजन कुमार को बनाया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि भोपाल चैप्टर बिहार फाउंडेशन पटना के अपेक्षानुरूप कार्य करेगा।

### महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सिसोदिया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर्यटन को रोजगार से जोड़कर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन ने देश में मिसाल कायम की है। पर्यटन क्षेत्रों में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मप्र में फर्जी मतदाता की बात आ रही सामने: नाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक ट्वीट के जरिए कहा कि मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर करीब 55-57 लाख तक फर्जी मतदाता होने की बात सामने आई है। यह संख्या प्रदेश के कुल मतदाताओं की 8 से 10 प्रतिशत तक है। चुनाव के पूर्व भी कांग्रेस ने बार-बार फर्जी मतदाता होने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह रही है कि उस समय इन फर्जी मतदाताओं पर समुचित कार्रवाई नहीं की गई।

## विकसित मध्यप्रदेश 2047 की दिशा में वित्तीय अनुशासन की मजबूत नींव

# अब हर योजना के लिए स्पष्ट करना होगा खर्च क्यों किया जा रहा, सामाजिक-आर्थिक असर क्या होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट अनुमान और वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसके लिए वित्त विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस बार भी राज्य सरकार ने शून्य आधारित बजटिंग (जीरो बेस बजटिंग) की प्रक्रिया को जारी रखते हुए वित्तीय अनुशासन और परिणाम आधारित बजट निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने पहली बार वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के लिए त्रिवर्षीय रोलिंग बजट तैयार करने का निर्णय लिया गया है, जो प्रदेश की दीर्घकालिक विकास रणनीति 'विकसित मध्यप्रदेश 2047' पर केन्द्रित है।

वित्त विभाग ने जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अब प्रत्येक योजना के लिए यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि उस पर खर्च क्यों किया जा रहा है, उसका लाभ किसे होगा और उसका सामाजिक व आर्थिक असर क्या होगा। इस प्रक्रिया में गैर-प्रभावी योजनाओं को समाप्त करने और समान प्रकृति की योजनाओं को एकीकृत करने पर भी विचार किया जाएगा।

*वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान, वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान के संबंध में दिशा-निर्देश जारी*



### बजट निर्माण की प्रमुख तिथियां

28-31 जुलाई को विभागीय प्रशिक्षण और प्रारंभिक चर्चा होगी। 10 सितम्बर को आईएफएमआईएस में आंकड़े भरने की अंतिम तिथि है। इसी तरह 15-30 सितम्बर को प्रथम चरण की चर्चा होगी। 31 अक्टूबर को नवीन योजनाओं के प्रस्ताव की अंतिम तिथि है। 1 अक्टूबर-15 नवम्बर तक द्वितीय चरण की चर्चा होगी। दिसम्बर-जनवरी में मंत्री स्तरीय बैठकें होगी। 31 मार्च 2026 को समायोजन प्रस्तावों की अंतिम तिथि घोषित की गई है।

### जनहित में होगा व्यय

*शून्य आधारित बजटिंग प्रणाली से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि हर योजना के पीछे ठोस उद्देश्य हो, उसका समाज पर प्रभाव दिखे और प्रत्येक व्यय राज्य की विकास प्राथमिकताओं से मेल खाता हो। राज्य सरकार का यह प्रयास केवल राजकोषीय अनुशासन की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि प्रभावी शासन और नागरिक सेवा सुधार के लिए भी सराहनीय कदम साबित होगा।*

### वेतन, भत्ते और स्थाई व्यय की भी अलग होगी गणना

विभागों को अपने स्थाई खर्चों जैसे वेतन, पेंशन, भत्तों की गणना करते समय विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। इसके लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के वेतन में 3% वार्षिक वृद्धि जोड़ी जाएगी। महंगाई भत्ते की गणना क्रमशः 74%, 84% और 94% के हिसाब से होगी। संविदा कर्मचारियों के वेतन में 4% वार्षिक वृद्धि का भी प्रावधान रहेगा। अजा-अजजा उपयोजना के लिए न्यूनतम बजट सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 16% और अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 23% बजट सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य रहेगा। इसके लिए सेगमेंट कोडिंग व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता आएगी।

### ऑफ-बजट व्यय और केंद्रीय योजनाओं पर भी निगरानी, पूरी जानकारी रखना होगी

जिन विभागों को भारत सरकार से सीधे फंड प्राप्त होता है, उन्हें वह राशि भी बजट प्रस्ताव में दर्शानी होगी। इसके अलावा, ऑफ-बजट ऋण, प्रोत्साहन योजनाओं का वित्तीय असर और नवीन योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया है। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बजट की तैयारी के लिए जो आईएफएमआईएस प्रणाली अपनाई गई है, उसमें तय समय के बाद प्रविष्टि की अनुमति नहीं दी जाएगी। विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में दर्ज करें और विभागीय बैठक के पूर्व पूरी जानकारी तैयार रखें।

## बहनों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



# सीएम ने कहा, प्रदेश की हर बहन को बनाकर देंगे पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। अगस्त में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। हम यहीं नहीं रुकेंगे, प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### चार करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री हो रही है बहनों के नाम से

*कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री को राखी बांधी। बहनों की ओर से मुख्यमंत्री को एक विशाल राखी भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण का अभियान जारी है। बहनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही है। हम देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश की सभी बहनों को पक्के घर की सौगात मिले, इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री बहनों के नाम से ही की जा रही है। मजरे-टोलों तक भी सड़कें बनवाएंगे।*

## मृतकों में तीन लड़कियां, एक लड़का शामिल

# तालाब में नहाने गए चार मासूमों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर चांपा

थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसतरा में शनिवार को तालाब में डूबने से मौत चार बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल हैं, जिनकी उम्र 5 से 8 वर्ष के बीच थी। इस घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, भैंसतरा गांव के चार बच्चे पुष्पांजलि श्रीवास (8), तुषार श्रीवास (5), ख्याति केंवट (6) और अंबिका यादव (6) शनिवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच स्कूल से लौटे। चारों बच्चे घर पर बैग रखकर खाना खाने के बाद खेलने के लिए निकले। इसके बाद वे पास के तालाब में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले



जाने के कारण चारों बच्चे डूब गए। बच्चे देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के पास बच्चों के कपड़े मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने तालाब में तलाशी ली और चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बलौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस अस्पताल पहुंची।

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की शुरू

# विधायक के काफिले पर पथराव, मामूली घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शनिवार रात को आरंग से भाजपा विधायक व सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर पथराव हुआ था। वे नवागढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर लौट रहे थे। तभी बेमेतरा-रायपुर बायपास पर भोईनाभांठा के पास उनकी कार पर अचानक पथराव हुआ।

इस हमले में उनकी कार के सामने के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अब मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(4) व 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि कार के सामने कांच में एक पत्थर टकराने से आरंग विधायक



खुशवंत साहेब की बांये हाथ में कांच का टुकड़ा लगने से चोट आई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दूसरी ओर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट कर कहा कि...नवागढ़ प्रवास के दौरान मेरे ऊपर हुए कायरतापूर्ण हमले की खबर से आप सभी शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों, समाजजनों एवं समर्थकों की चिंता एवं व्याकुलता स्वाभाविक है। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आशीर्वाद से मैं सुरक्षित व स्वस्थ हूं। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की कृपा व आप सभी की शुभकामनाओं से कोई गंभीर अनहोनी नहीं हुई।आप सभी के स्नेह, चिंता और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद। आप सभी का प्रेम, स्नेह, शुभकामनाएं और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

## अपना दल एस की कार्यकर्ता बैठक

# मैहर में उठा ओबीसी के लिए 27% आरक्षण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैहर

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करने राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल प्रदेश में कार्यकर्ता बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रविवार को मैहर पहुंचे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से घंटाघर के पास सर्किट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पार्टी के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन और डी पी पटेल रहे। हाल ही में मप्र में अपना दल (एस) के प्रभारी नियुक्त किए गए आरबी सिंह पटेल ने कहा, राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को जल्द



से जल्द 27% किए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। कार्यक्रम संयोजक मान सिंह बिसेन ने कहा, मैहर में होने वाली यह बैठक और सदस्यता अभियान पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे और सामाजिक न्याय के लिए काम करते रहेंगे। यह आयोजन मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की स्थिति को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक जरुरी कदम माना जा रहा है।

## अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी कार्य की निगरानी

## कार्य उचित नहीं तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार परफॉरमेंस गारंटी जब्त होगी

# सरकार ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से प्रदेश की सभी सड़कों का निरीक्षण कर दो दिनों में रिपोर्ट देने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरों से प्रदेश भर की सड़कों के निर्माण, मेंटेनेंस व परफारमेंस गारंटी वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है। निरीक्षण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर निबटाने की हिदायत दी गई है। परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया गया है, या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए। अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त की जाएं। पीडब्ल्यूडी ने अपने आदेश में इंजीनियरों से कहा कि निरीक्षण उपरांत आवश्यक्तानुसार निर्माणाधीन सड़क में संबंधित ठेकेदार की ओर से सड़क को मोटरेबल रखा जाए।

परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाली सड़कों में क्षतिप्रस्थ भाग संबंधित ठेकेदार से मरम्मत करवाई जाए एवं विभागीय मेंटेनेंस के अंतर्गत आने वाली सड़कों का जोनल कॉन्ट्रैक्ट, विभागीय अमले से तुरंत मरम्मत कार्य करवाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूरी हो, ताकि सड़क की गुणवत्ता और यातायात की सुगमता प्रभावित न हो।

**सभी अधिकारियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करने के आदेश**

### ठेकेदार पर यह होगी कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने बताया कि परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है कि या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए जाए एवं अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त किया जाए। सभी फील्ड इंजीनियर सप्ताह में 2 दिनों के भीतर निरीक्षण की इस प्रक्रिया को सतत रूप से क्रियान्वित करेंगे एवं आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस कार्य की समुचित निगरानी संबंधित अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी। सभी मुख्य अभियन्ता, फील्ड इंजीनियर की ओर से किए गए इन कार्यों को मॉनिटर कर एवं अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त सड़कों की निगरानी कर सड़कों की राइडिंग सरफेस अच्छी स्थिति में रखेंगे। सभी अधिकारी इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे।

### यह निरीक्षण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो

पीडब्ल्यूडी ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माणाधीन, मेंटेनेंस तथा परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के तहत आने वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण संबंधित फील्ड इंजीनियर से सम्पन्न करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान सड़क की वर्तमान दशा, मरम्मत की आवश्यकता तथा समग्र रूप से सड़क की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। यह निरीक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# विचरण करता दिखा 17 हाथियों का दल, लोगों में मची दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में रविवार की सुबह 17 हाथियों का दल रेलवे ब्रिज के किनारे विचरण करते हुए नजर आया है। जिसके बाद से इस इलाके में काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों जहां 150 से अधिक हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। जिले में हाथियों की बड़ी संख्या होनें से हाथी प्रभावित गांव में भी दहशत का माहौल देखा जा रहा है। रविवार की सुबह हाथी मित्र दल की टीम ने छाल रेंज के एडु परिसर के बंधानीपतरा के पास स्थित रेलवे के ब्रिज नंबर 09 के पास 17 हाथियों के दल को विचरण करते हुए ड्रोन कैमरे में कैद किया है। रेल लाइन के



पास काम करने वाले लोगों ने बताया कि हाथी प्रभावित इलाके में वे लोग डरे सहमें काम करते हैं इस दौरान अगर हाथी उनके करीब पहुंचता है तब वे लोग डर के मारे पेड़ में चढ़ जाते हैं और हाथी के जाने के बाद ही पेड से उतरते हैं। हाथी मित्र दल की टीम अनहोनी घटना को रोकने पूरी तरह से सजग है और लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रही है। साथ ही साथ गांव के ग्रामीणों को सावधानी पूर्वक आवागमन करने को कहा जा रहा है।

## चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण से अवैध वोटरों की होगी पहचान

भारत अवैध प्रवासियों की समस्या से जूझता रहा है। ऐसे में एक नियमित अंतराल पर मतदाता पहचान पत्र की जांच-पड़ताल होते रहनी चाहिए। अभी चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचियों की जांच के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चला रहा है। इस अभियान में बिहार की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। इसके अलावा भी कई तरह की अनियमितताएं मिल रही हैं, जिन्हें सुधारा जा रहा है। बिहार में वर्ष 2003 के बाद अब 22 वर्ष पश्चात मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। हालांकि इस पर विपक्ष जमकर राजनीति कर रहा है और सरकार को इसकी टाइमिंग को लेकर घेर रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाया, लेकिन इस कवायद को गलत नहीं कहा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐलान किया है कि अब समूचे देश में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होगा। चुनाव आयोग 28 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जरूर इंतजार करेगा। आयोग ने राज्यों को जो तैयारी का निर्देश दिया है, उसके मुताबिक अगस्त से देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू हो जाएगा। यह जरूरी कदम है और इसका स्वागत होना चाहिए। इससे देश के अंदर दोहरी मतदाताओं की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। देश में मतदाताओं की एक्चुअल संख्या का पता चलेगा। मतदाता सूची का आधार से लिंक किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड, राशन कार्ड व वोटर लिस्ट को पहचान पत्र के दायरे में शामिल करने का निर्देश दिया है, जिसे चुनाव आयोग ने शामिल किया है। सरकार को चाहिए कि हर नागरिकों के लिए बायो आधारित एकीकृत राष्ट्रीय पहचानपत्र सिस्टम लागू हो। इसे आधार को ही विस्तारित रूप देकर किया जा सकता है। फिंगर प्रिंट और आई चित्र के साथ एकीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र में आधार की व्यक्तिगत सूचना से लेकर ब्लड ग्रुप, मतदाता सूची, राशन कार्ड, बीपीएल व एपीएल और पासपोर्ट संबंधी जानकारी आदि को समाहित किया जा सकता है। इससे हर नागरिक को केवल एक पहचानपत्र संभालना होगा, सरकारी कामकाज में भी आसानी होगी। सरकार के पास अपने सभी नागरिकों का वृहद जानकारी से लैस डेटा होगा। बिग डेटा सिस्टम से यह सब डिजिटल रखने में आसानी होगी। चुनाव आयोग ने बिहार में फैसला किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है। अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था, उत्तराखंड ने 2006 में तो दिल्ली ने 2008 में किया था। इतने कालखंड में मतदाताओं की स्थिति बदल जाती है, कुछ की मौत हो जाती है, कुछ नए जुड़ जाते हैं। आगे जनगणना होनी है और परिसीमन होना है, ऐसे में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण काफी मायने रखता है।



**पुरातत्व सर्वेक्षण**
प्रमोद भार्गव


# भूगर्भ में अंगड़ाई लेती सरस्वती के प्रमाण

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं।

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। इस खुदाई में ब्राह्मी लिपि की मोहरों, मूर्तियों, हड्डी के औजार, शंख, मोती, चूड़ियां और सिक्कों के साथ मिट्टी के खंभों से बने भवन, ईंटों की परतदार दीवारों वाली खंदकें, भठियां एवं यज्ञवेदियां भी मिली हैं। इन साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि उस समय के लोग वास्तुकला के साथ धातु विज्ञान और हथियार बनाने में दक्ष थे।

ऋग्वेद में वर्णित सिंधु-सारस्वत सभ्यता में इन सब वस्तुओं और सरस्वती नदी से जुड़े अनेक मंत्र मिलते हैं। इन्हीं मंत्रों से प्राचीन आर्यावर्त का भूगोल, समाज, जीवनशैली और आर्य व अनार्यों के संघर्ष से जुड़ी अनेक गाथाओं का जीवंत चित्रण है। इन अवशेषों और नदी-तंत्र को 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व तक की सभ्यता के प्रमाण माना जा रहा है। वैदिक कालीन नदी सरस्वती के अस्तित्व और उसकी भूगर्भ में अंगड़ाई ले रही जलधारा को लेकर भूगर्भशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकारों में लंबे समय से मतभेद बना रहा है। यह मतभेद सैटेलाइट मैंपिग के बावजूद कायम रहा। अब न केवल हरियाणा के यमुनानगर जिले के आदिबद्री में सरस्वती का उद्गम स्थल खोज लिया गया है, बल्कि मुगलवाली गांव में धरातल से सात फीट नीचे तक खुदाई करके नदी की जलधारा भी खोज निकाली है। इस धारा का रेखामय प्रवाह तीन किमी की लंबाई में नदी के रूप में सामने आया था। एक मृत पड़ी नदी के इस पुनर्जीवन से उन सब अटकलों पर विराम लगा है,जो वेद-पुराणों में वार्णित इस नदी को या तो मिथकीय ठहराते थे या इसका अस्तित्व अफगानिस्तान की 'हेलमंद' नदी के रूप में मानते थे।

सरस्वती की भौगोलिक स्थिति का बखान ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण महाभारत, ऐतरेय ब्राह्मण, भागवत और विष्णु पुराणों में है। ऋग्वेद में सप्तसिंधु क्षेत्र की महिमा को प्रस्तुत करते हुए जिन सात नदियों का वर्णन किया गया है, उनमें से एक सरस्वती है। अन्य छह शतद्रु;सतलुज, विपासा;व्यास, असिकिनी;चिनाव, पुरुष्णी;रावी वितस्ता;झेलम द्ध और सिंधु नदियां हैं। इनमें सरस्वती और सिंधु बड़ी नदियां थीं। सतलुज और यमुना सरस्वती की सहायक नदियां रही हैं। सरस्वती का प्रवाह पूरब से पश्चिम की ओर था, लेकिन हजारों साल पहले आए भयंकर भूकंप के कारण यमुना और सतलुज सरस्वती से अलग हो गईं। इन दोनों नदियों के मार्ग बदलने के बाद सरस्वती धीरे-धीरे अस्तित्व खोती हुई भूगर्भ में विलीन हो गई। कुछ भूगर्भशास्त्रियों का ऐसा मानना है कि 12 हजार साल पहले तक नदी स्वच्छ जलधारा के रूप में प्रवाहमान थी। लेकिन ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में सरस्वती की महिमा का गुणगान है, उससे लगता है पांच से सात हजार साल पहले तक यह नदी धरा पर बहती थी, क्योंकि नदी के धरती की कोख में समा जाने का वर्णन ऋग्वेद में नहीं है। जबकि ऋग्वेद की 60 ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख है। इनमें कहा गया है, सरस्वती हिमालयी पर्वतों से निकलकर, सप्तसिंधु क्षेत्र में बहती हुई कच्छ के रण में जाकर समुद्र में गिरती है। यह क्षेत्र वर्तमान में पाकिस्तान और भारत के पंजाब



व हरियाणा में है। किंतु सरस्वती का जो वर्णन महाभारत में है, उसमें इस नदी के विलोप होने के संकेत मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सरस्वती समुद्र में समाने से पहले राजस्थान के रेगिस्तान विनसन में ही लुप्त हो जाती है। कॉर्बन डेटिंग भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि 2000 से 1800 वर्ष ईसा पूर्व यह नदी विलुप्त हुई। महाभारत, विष्णु पुराण,भागवत पुराण और ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों की रचना लगभग इसी समय हुई बताई जाती है। साफ है, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में सरस्वती का जो वर्णन है, वह कपोल कल्पित न होते हुए,वास्तविक है। नदी के सूखने के बाद हड़प्पा-मोहन जोदड़ो संस्कृति के उपासक गंगा यमुना के मैदानों की ओर पलायन कर गए। चूंकि इन लोगों की स्मृति में सरस्वती जीवंत थी, इसलिए इन्होंने प्रयाग में त्रिवेणी स्थल पर गंगा और यमुना के साथ सरस्वती के अंतःसलिला होने की कथा गढ़ ली। सिंधु घाटी सभ्यता का नाम, हालांकि सिंधु नदी के नाम पर पड़ा था। इसे ही सरस्वती संस्कृति, सरस्वती सभ्यता और सिंधु सरस्वती सभ्यता के नामों से जाना जाता है। इसी सभ्यता में हड़प्पा संस्कृति फली-फूली थी। ऋग्वेद में हड़प्पा दुर्ग की गाथा हरियूपिया नाम से मंत्रों में कही गई है। प्राचीन ग्रंथों में दर्ज सरस्वती के अस्तित्व को लेकर देशी-विदेशी भूविज्ञानी और भारतीय संस्कृति के अध्येता इसकी शोध और जमीनी खोज में जुटे रहे हैं। फ्रांस के भूविज्ञानी विवियेन सेंट मार्टिन ने 'वैदिक भूगोल' की रचना की थी। 1860 में लिखी इस पुस्तक में सरस्वती के साथ घग्गर और हकरा की भी पहचान की थी। इसके बाद 1886 में अंगेजी हुकूमत ने भारत का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया था। इसके अधीक्षक आरडी ओल्ढ़म की रिपोर्ट बगांल के एशियाटिक सोसायटी जर्नल में छपी थी। इस रिपोर्ट में सरस्वती के नदी तल और इसकी सहायक नदियों, सतुलज व यमुना के पथ रेखांकित किए गए हैं। 1893 में इस रिपोर्ट ने प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक सीएफ ओल्ढ़म को प्रभावित किया। ओल्ढ़म ने इसी जर्नल में सरस्वती के भूगर्भ में उपस्थित होने की पुष्टि की है। साथ ही घग्गर और हकरा के सूखे पथों का भी ब्यौरा दिया है। ये नदियां पंजाब में बहती थीं। पंजाब की लोकश्रुतियों में आज भी ये नदियां विद्यमान हैं। इन्हीं नदियों के पथ पर एक समय सरस्वती बहती थी।

इसके बाद 1918 में टैसीटोरी, 1940-41 में औरेल स्टाइन और 1951-53 में अमलानंद घोष ने सरस्वती की खोज में अहम भूमिका निभाई। इन सब विद्वानों ने अपने निष्कर्षों में सिद्ध किया कि सरस्वती के विलोपन का मुख्य कारण सतलुज और यमुना की धार बदलना था। सतलुज की धार सरस्वती से अलग होकर सिंधु में जा मिली। लगभग इसी समय यमुना ने भी अपनी धारा का प्रवाह बदल दिया और वह पश्चिम में अपने बहने का रुख बदलकर पूर्व में बहकर गंगा में जा मिली। नतीजतन सरस्वती सूखती चली गई। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के काला अंब के पास सरस्वती टियर फाल्ट का अध्ययन किया गया। अध्ययन के परिणाम में पाया कि हजारों साल पहले आए भूकंप के कारण यमुना और सतलुज ने अपने मार्ग बदल दिए थे। यमुना पूरब में बहती हुई दिल्ली पहुंच गई और सतलुज पश्चिम होते हुए सिंधु नदी में जा मिली। जबकि पहले इन दोनों नदियों का पानी सरस्वती में मिलकर हरियाणा, राजस्थान व गुजरात होते हुए कच्छ में मिलता था। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं। डीग में एक बार फिर सरस्वती के नए प्रमाण मिलने से इसके ऋग्वैदिक अस्तित्व को प्रामाणिकता मिली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**पाखंड और विज्ञान**
सोनम लववंशी



# दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई दे रहा हमारा समाज

हम 21वीं सदी में विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और वैश्विक उपलब्धियों के नए कीर्तिमान गढ़ते जा रहे हैं। मंगल तक मानव ने कदम बढ़ा दिए हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसी क्रांतिकारी खोजें मानवीय सभ्यता के विकास की मिसाल बन चुकी हैं। लेकिन इसी विज्ञान युग में जब यह खबर आती है कि एक गांव में डायन के शक में पांच लोगों को मार डाला गया, या किसी युवक की बलि तांत्रिक अनुष्ठान में दी गई, तो सवाल खड़ा होता है कि क्या हम वाकई 21वीं सदी में जी रहे हैं? भारत आज भी दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर तकनीकी दक्षता का वैश्विक दावा, दूसरी ओर सामाजिक चेतना का अंधकार। इन खबरों ने यह साफ कर दिया है कि अंधविश्वास की जड़ें कितनी गहरी हैं जिसे केवल कानून या शिक्षा से उखाड़ पाना कठिन है। विडंबना यह है कि पढ़ा-लिखा तबका भी अंधविश्वास के दलदल में लिथड़ा हुआ है। विज्ञान को 'बेबुनियाद' और 'धर्म विरोधी' कहने वाले लोग आज भी जादू-टोने, तंत्र-मंत्र, ग्रह-नक्षत्रों और बाबाओं के पास समाधान खोजते नजर आते हैं। यह कोई नई बात नहीं कि अंधविश्वास भारत में केवल ग्रामीण या अशिक्षित क्षेत्रों तक सीमित रहा है। शहरी और शिक्षित समाज भी इस मानसिक गुलामी से मुक्त नहीं है। टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले 'भूत-प्रेत' और 'तांत्रिक' धारावाहिकों से लेकर बड़े-बड़े बाबाओं के विशाल साम्राज्य तक, सब इस प्रवृत्ति को खाद-पानी दे रहे हैं। अनुयायी यह मानते हैं कि उनके बाबा के पास ऐसी 'अलौकिक शक्तियां' हैं जो उनके हर संकट को दूर कर सकती हैं, जबकि सच यह है कि बाबा स्वयं अपने संकट तक नहीं दूर कर पाते। यदि उनके पास ऐसी शक्तियां होतीं तो वे वर्षों तक जेल में न होते, या अपने 'चमत्कारों' से वहां से बाहर निकल आते। बीते दिनों मध्यप्रदेश के एक शांत से दिखने वाले गांव में एक युवक का सिर एक चबूतरे पर रखा मिला। धड़ थोड़ी दूरी पर पड़ी थी। पुलिस पहुंची, जांच की, और पाया कि वहां तांत्रिक क्रियाओं में प्रयुक्त सामग्री बिखरी पड़ी थी। वहां मौजूद हर वस्तु चीख-चीख कर कह रही थी कि यह हत्या नहीं, नरबलि थी। इक्कीसवीं सदी के भारत में नरबलि! कल्पना कीजिए उस मां की जो बेटे के लिए रात भर प्रतीक्षा कर रही होगी। कल्पना कीजिए उस बहन की जो राखी का धागा लिए अपने भाई की कलाई ढूंढ़ रही होगी। यह आज के भारत की वह चुभती हुई सच्चाई है जिसे देखकर रूह भी कांप जाती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 2000 से 2021 के बीच करीब 3000 से अधिक हत्याएं डायन के शक में कर दी गईं। इनमें अकेले झारखंड में 593 मामले दर्ज हुए। मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम, इन सभी राज्यों में हर साल दर्जनों महिलाओं को समाज की क्रूरता निगल जाती है, क्योंकि उन्होंने विरोध किया, संपत्ति रखी, या फिर बस इसलिए क्योंकि वे अकेली थीं। हर बार एक जैसी कहानी गांव में कोई बीमार हुआ, फसल नष्ट हुई, या किसी की मौत हो गई। और कोई 'बुजुर्ग' पुरुष बोल उठा, "यह सब उसकी वजह से हुआ है।" फिर क्या भीड़ ने तय कर लिया कि वह डायन है। उसे घसीटा गया, पीटा गया, सिर मुंडवा दिया गया, नंगा किया गया, पत्थरों से मारा गया। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इन घटनाओं के खिलाफ कदम नहीं उठाए। कानून बने। झारखंड में 'डायन प्रथा उन्मूलन अधिनियम', ओडिशा में 'द ओडिशा प्रिवेंशन ऑफ विच-हंटिंग एक्ट', असम में भी 2015 में एक कठोर कानून पारित हुआ। लेकिन क्या कानून उस औरत को बचा पाएगा जिसे गांव वालों ने अपने घर से जिंदा खींच लिया था? क्या कानून उस बच्चे की जान लौटा पाएगा जिसे बलि की बेदी चढ़ा दिया गया? 2010 में महाराष्ट्र के अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर ने लिखा था "अंधविश्वास सिर्फ अज्ञानता नहीं, यह हिंसा है।" और वे खुद इसी अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने की सजा के रूप में 2013 में पुणे की सड़क पर गोली से छलनी कर दिए गए। भारत का भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम इस पाखंड से कब उबरेंगे। हमें तय करना होगा कि क्या हम भविष्य को तर्क और संवेदना की राह पर ले जाएंगे, या उसे पाखंड और क्रूरता की गुफा में धकेल देंगे? यह वही भारत है, जहां विज्ञान का जन्म हुआ, जहां गणना के सूत्र बने, जहां शून्य का आविष्कार हुआ, जहां आकाश के रहस्यों को ऋषियों ने अपनी खुली आंखों से पढ़ा। लेकिन आज इसी धरती पर तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक, बलि, और अंधविश्वास के नाम पर इंसानियत का गला घोंटा जा रहा है। तो ऐसे में हमें और हमारे समाज को सामूहिक रूप से शर्मिंदगी महसूस करने की आवश्यकता है।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने**

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। क्या हमने सोचा है कि जो परिवार पहले ही अपने परिवार के सदस्य के बर्बाद होने का दंश झेल रहा हो, वो सामाजिक बहिष्कार को भी झेल पाएगा?

*- मदन कश्यप, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू


पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई की मांग को लेकर 'इमरान खान को आजाद करो' आंदोलन शुरू किया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस ने अनौपचारिक रूप से शुरू किए गए इस आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल होने से रोकने के लिए कई गिरफ्तारियां की हैं। आंदोलन की यह अनौपचारिक शुरुआत पार्टी की पूर्व घोषित तिथि पांच अगस्त से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता अली अमीन गंडापुर पार्टी नेताओं के साथ शनिवार देर रात लाहौर पहुंचे और खान को रिहा करने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, क्योंकि उन पर कई मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पांच अगस्त से देश भर में एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है ताकि शहबाज शरीफ सरकार और सेना पर खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके। अली अमीन और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता अपने विरोध अभियान को अंतिम रूप देने के लिए लाहौर के रायविंड इलाके में एक फार्महाउस में डेरा डाले हुए हैं।



## ऑफ बीट

# एआई वाकई उत्पादकता बढ़ाता है? सबूत अस्पष्ट

सरल शब्दों में कहें तो उत्पादकता यह है कि हम एक निश्चित मात्रा में सामग्रियों से कितना उत्पादन कर सकते हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि उच्च उत्पादकता आमतौर पर उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित होती है। पिछले तीन दशकों में उत्पादकता वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की आय वृद्धि का 80 प्रतिशत हिस्सा रही है। उत्पादकता को व्यक्तिगत, संगठनात्मक या राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत उत्पादकता इस बात पर निर्भर करती है कि आप कार्यों को पूरा करने के लिए अपने समय और संसाधनों का कितनी कुशलता से प्रबंधन करते हैं। आप एक घंटे में कितने ईमेल का जवाब दे सकते हैं? आप एक दिन में कितने उत्पादों में खराबी की जांच कर सकते हैं? संगठनात्मक उत्पादकता यह है कि कोई संगठन अपने लक्ष्यों को कितनी अच्छी तरह हासिल करता है। उदाहरण के लिए, किसी शोध संगठन में कितने उच्च-गुणवत्ता वाले शोध पत्र तैयार किए जाते हैं? राष्ट्रीय उत्पादकता किसी राष्ट्र की आर्थिक दक्षता है, जिसे प्रायः प्रति घंटे काम किए गए सकल घरेलू उत्पाद के रूप में मापा जाता है। यह प्रभावी रूप से अन्य रूपों का एक समूह है। लेकिन यह पता लगाना बेहद मुश्किल है कि व्यक्तिगत या संगठनात्मक उत्पादकता में बदलाव प्रति घंटे काम करने पर राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में कैसे परिवर्तित होता है।



## ट्रेंड

### योजनाओं का असर

यह हमारी सरकार की योजनाओं का असर ही है कि आज हर वर्ग के लोगों के पास आय का जरिया है और इसी के परिणामस्वरूप बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।


-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नीमराणा का विकास

आज बावड़ी के पास नीमराणा से हरियाणा सीमा तक बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम विधिवत तरीके से नारियल फोड़कर किया। बिजली, पानी और सड़क की बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर हम नीमराणा के विकास को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री



### अभिनेता राव को श्रद्धांजलि

पद्मश्री पुरस्कार विजेता और अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले दिग्गज तेलुगु अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव को मेरी श्रद्धांजलि। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश



### बारिश को गंभीरता से लें

सरकार से आग्रह है कि वो बारिश को गंभीरता से ले। सही शासनिक-प्रशासनिक प्रयासों से हादसों को टाला जा सकता है। ये किसी की ज़िंदगी का सवाल भी हो सकता है। सरकार की बदइंतज़ामी का ख़ामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

इस साल की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा

# कंधों पर 351 लीटर गंगाजल लेकर चला कांवड़िया, 3 माह 6 दिन में पहुंचेगा

## श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश कर मनोज ने सफर किया शुरू

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

जनपद के नकुड़ में इस वर्ष कांवड़ यात्रा में अभी तक की सबसे भारी कांवड़ नजर आई। श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश करते हुए नकुड़ के गांव नयागांव निवासी मनोज कुमार तीन माह छह दिनों से लगातार कांवड़ यात्रा पर हैं। उन्होंने हरिद्वार से 351 लीटर गंगाजल अपने कंधों पर लेकर सफर शुरू किया था और अब वह सहारनपुर रोड स्थित हरि कॉलेज के पास पहुंच चुके हैं। मनोज का कहना है कि यह यात्रा उन्होंने किसी मन्नत या दिखावे के लिए नहीं की है। उन्होंने न तो कोई अभ्यास किया, न ही कोई पूर्व योजना बनाई थी। केवल भोले बाबा का नाम लिया और 351 लीटर गंगाजल को दोनों कंधों पर दो बड़ी केनों में बांधकर निकल पड़े।

### एक दिन में एक किमी चल रहे

हर केन में लगभग 175 लीटर जल है और इसका कुल वजन इतना अधिक है कि मनोज एक दिन में मात्र एक किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस गंगाजल को अपने कंधों पर अकेले उठाकर हरिद्वार से लेकर अब तक सफर किया है। गांव तक पहुंचने में अभी लगभग 6-7 दिन और लग सकते हैं।




### विलक्षण प्रतिभा को देखकर हर कोई हैरान

मनोज की इस विलक्षण भक्ति-यात्रा को देखकर राह चलते लोग हैरान रह जाते हैं। कोई उन्हें प्रणाम करता है, कोई जल पिलाता है, तो कोई उनके साहस को सलाम करता है। उनकी इस साधना ने कांवड़ यात्रा को एक नया रूप और गहराई दे दी है।

दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बाइक सवार को रौंदा

## कार की टक्कर से कांवड़िए की मौत

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक व कार की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार एक कांवड़िए की मौत हो गई।



जबकि दो कांवड़िए घायल हो गए। तीन दोस्त शाहजहांपुर से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे थे। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक कांवड़िया अमित अपने पिता की इकलौता संतान था। हादसे में घर का इकलौता चिराग भी बुझ गया। जैसे ही ये लोग देर रात दो बजे के लगभग छपार क्षेत्र में रेई-बढेडी-चौराहे के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही बीएमडब्ल्यू कार चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार कांवड़िए घायल हो गए।

नगर निगम कार्यकारिणी का निर्णय

## काशी में सावन में बंद रहेंगी मीट-मछली की दुकानें

वाराणसी। नगर निगम ने सावन में मीट-मछली की दुकानें पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। निगम की कार्यकारिणी ने शहर के मीट-मछली की दुकानों को सावन में बंद




रखने का निर्देश दिया गया है। सावन में यदि कोई मीट-मछली की दुकानें खुली मिली तो निगम उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा कर विधिक कार्रवाई करेगा। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में हुई कार्यकारिणी की बैठक में 182 वर्ग किलोमीटर के नगरीय सीमा में सावन के दौरान मीट-मछली की दुकानें बंद करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। निगम की धारा 91 (1) के तहत सावन में शिवालयों के आसपास मांस-मछली की दुकानों को पूरी तरह बंद कराने का प्रस्ताव पार्षद हनुमान प्रसाद ने कार्यकारिणी में रखा।

## खबर संक्षेप

### कुलगाम में 3 बसें टकराईं, 10 जख्मी

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर



अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की कई बसें आपस में टकरा गईं।

### नूंह में इंटरनेट,बल्क मैसेज 24 घंटे के लिए बंद

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में इंटरनेट और बल्क एसएमएस सर्विस को सस्पेंड कर दिया गया है। गृह



विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक 13 जुलाई रात 9 बजे से 14 जुलाई रात 9 बजे तक 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज से जुड़ी एसएमएस सुविधा पहले की तरह रहेंगी जारी।

### रिटायर्ड साइंटिस्ट से 1.29 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक रिटायर्ड साइंटिस्ट को डिजिटल अरेस्ट कर



उनसे 1 करोड़ 29 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 2और सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसटीएफ पहले ही 8 जुलाई को गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है।आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार सिंह और महफूज के रूप में हुई है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़त की



वजह से कार सवार 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 2अन्य घायल हो गए। कार सवार श्रद्धालु बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित थावे दुर्गा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे और कार चालक की आंख लगने की वजह से गाड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई।

### बस-ट्रक की टक्कर में 4 सदस्यों की गई जान

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रविवार तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक मिनी बस अपने



आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई, जिससे बस में सवार एक परिवार के 4सदस्यों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस चालक को संभवतः झपकी आ गई थी, जिससे उसने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया।

कांग्रेस और बीजद ने आरोपियों को बर्खास्त करने की मांग की

# छात्रा की आबरू लुटती रही, गुहार लगाती रही बहरे सिस्टम ने आत्मदाह के लिए मजबूर किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा में एक युवा छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की दिल दहलाने वाली घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। विशेषज्ञ इस घटना के बाद शैक्षणिक व्यवस्था में जहां आमूलचूल परिवर्तन की बात कर रहे हैं वहीं शिक्षा प्रणाली, प्रशासन और समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गहरी उदासीनता के प्रति व्यवस्था को खबरदार करती नजर आ रही है। वहीं इस दुखद घटना पर ओडिशा सरकार को विपक्षी दलों को घेरना शुरू कर दिया है।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेडा ने कहा, शर्मसार करने वाली इस घटना ने संस्थागत उदासीनता और आपराधिक साठगांठ को एक बार फिर उजागर किया है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय त्रासदी है कि एक युवा छात्रा को यौन उत्पीड़न के कारण आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा। इस मामले में केवल दोषी एचओडी को ही कानून का सामना नहीं करना चाहिए, बल्कि प्रिंसिपल और आंतरिक शिकायत समिति को भी लापरवाही के लिए नहीं, बल्कि इस अपराध में सहयोग के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। खेड़ा ने यह भी बताया कि पीड़िता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की एक पदाधिकारी थी, जो कि भाजपा से संबद्ध एक संगठन है। उन्होंने सवाल उठाया, अगर भाजपा शासित राज्य में उनकी अपनी कार्यकर्ता के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है, तो उन आम महिलाओं का क्या होगा जिनके पास सत्ता के गलियारों तक पहुंच नहीं है? डबल इंजन सरकार की विफलता कांग्रेस ने इस घटना के लिए ओडिशा की भाजपा सरकार और केंद्र की डबल इंजन सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।



### शिकायत समितियों को जवाबदेह बनाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि आंतरिक शिकायत समितियों को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। साथ ही, यौन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता है।

### खेड़ा ने सरकार की नाकामी बताया

खेड़ा ने कहा, यह घटना डबल इंजन सरकार को एक क्रूर मजाक साबित करती है। अगर एक सत्तारूढ़ दल का सांसद भी एक कॉलेज प्रिंसिपल पर दबाव नहीं बना सकता, तो यह सरकार की नाकामी को स्पष्ट करता है। यह घटना उन सभी के लिए एक चेतावनी है जो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों पर भरोसा करते हैं। खेड़ा ने पूछा, क्या यही वह भारत है जो हम अपनी महिलाओं के लिए बनाना चाहते हैं? एक ऐसा भारत जहां एक छात्रा को अपनी शिकायतों के लिए अनसुना किया जाता है और उसे आत्मदाह जैसे कदम उठाने पड़ते हैं?

### नवीन पटनायक ने गहरी चिंता व्यक्त की

इस घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) नेता नवीन पटनायक ने भी गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह घटना ओडिशा की बेटियों के लिए एक दुखद दिन है और सरकार को तुरंत कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस और बीजद ने एक स्वर में मांग की है कि दोषी एचओडी के साथ-साथ प्रिंसिपल और आईसीसी के सदस्यों पर भी कानूनी कार्रवाई हो।

### पीड़िता की शिकायत नहीं सुनी

ओडिशा के एक कॉलेज में पढ़ने वाली एक युवा छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष (एचओडी) द्वारा लगातार यौन उत्पीड़न का शिकार होने के बाद आत्मदाह का प्रयास किया। इस छात्रा ने कई बार मदद की गुहार लगाई थी। उसने पहले अनौपचारिक रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल से संपर्क किया, फिर औपचारिक रूप से आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) को अपनी शिकायत दर्ज की। इसके अलावा, उसने सोशल मीडिया के माध्यम से ओडिशा के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश की।

लेकिन, दुखद रूप से उसकी पुकार अनसुनी रही। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एक स्थानीय भाजपा सांसद ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए एचओडी को निलंबित करने की मांग की थी, लेकिन कॉलेज के प्रिंसिपल ने उनकी मांग को भी ठुकरा दिया। यह घटना न केवल प्रशासनिक विफलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी सवाल उठाती है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी का एक सांसद भी इस तरह के गंभीर मामले में कार्रवाई नहीं करवा सकता, तो आम महिलाओं की क्या स्थिति होगी?

जयपुर के रामगंज इलाके में विवाद

## दो समुदायों में पथराव के बाद बढ़ा तनाव, 7 को हिरासत में

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर के रामगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव के बाद तनाव फैल गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों समुदायों के सात लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि घटना शनिवार देर रात पहाड़गंज इलाके में हुई जब दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने बताया कि घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।



### अब हालात नियंत्रण में

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशि डोगरा ने बताया कि शनिवार रात नियंत्रण कक्ष को पहाड़गंज में दो समुदायों के बीच विवाद की सूचना के बाद पथराव की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि रामगंज थाने के पास तैनात पुलिस बल कुछ मिनट के भीतर घटना स्थल पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। थानाधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि रविवार सुबह स्थिति शांतिपूर्ण रही।

मेरठ में फैला आक्रोश

## जूस में थूक मिलाने पर विवाद बजरंग दल ने किया हंगामा



एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

एक बार फिर थूक जिहाद का मामला सामने आया है। मेरठ रोड पर मूवी वर्ल्ड के सामने दिल्ली जूस कार्नर के नाम से जूस की दुकान पर दो युवकों ने विक्रेता पर जूस में थूकने का आरोप लगा हंगामा कर दिया। बजरंग दल के लोग पहुंचे।

### पुलिस दोनों युवकों को नंदग्राम थाने ले गई

इस संबंध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जूस की दुकान पर दो मुस्लिम युवक काम कर रहे हैं। शेखर पंडित के अनुसार सेवानगर के दो युवकों ने जब जूस में थूक मिलाने का विरोध किया तो विक्रेता ने उनके साथ अभद्रता की। फिलहाल, पुलिस दोनों युवकों को नंदग्राम थाने लेकर आ गई है। मामले में अभी तक किसी ने कोई शिकायत नहीं दी है। वहीं, दूकान के बाहर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। थूक जिहाद को लेकर सभी में बहुत आक्रोश दिखा।

## मणिपुर हिंसाः पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया मॉडिफाई

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में मैतेई और कुकी उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए हथियारों को मॉडिफाई कर दूर से निशाना लगाने वाली स्नाइपर राइफल में बदल रहे हैं। जातीय हिंसा के दौरान इन समुदायों ने परंपरागत हथियारों के साथ-साथ बिजली के खंभों और पाइप से बने हथियार भी बनाए हैं, जिनका इस्तेमाल गुरिल्ला युद्ध तकनीकों में किया जाता है। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। जांच दल ने इंफाल घाटी और पहाड़ी इलाकों से कई हथियार बरामद किए हैं। इनमें एके-सीरीज की राइफलें और देसी पिस्तौल शामिल हैं।

प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए लगातार काम कर रही सरकार

## हाफ मैराथनः सीएम ने दौड़ लगाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कैथल में अंबाला रोड पर आयोजित हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। हॉफ मैराथन के ब्रांड एंबेसडर पैरालम्पिक पदक विजेता हरविंदर सिंह व पर्वतारोही रीना भट्टी ने भी हाफ मैराथन में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी दौड़ लगाई और युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रास्ते में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंच कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।



### प्रजापति समाज को 2 हजार गांवों में पंचायती जमीन दी जाएगी

**भिवानी।** राज्यस्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 234.40 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। नायब सैनी ने कहा कि हमने समाज के हर वर्ग के लिए हरियाणा एक, हरियाणवी एक की भावना से काम किया है। अगले 15 दिनों में प्रजापति समाज को 2 हजार गांवों में पंचायती जमीन दी जाएगी। साथ ही, जो लोग छोटे उद्योग शुरू करना चाहते हैं, उन्हें मशीनें खरीदने और इमारतें बनाने के लिए सरकार वित्तीय मदद करेगी। साथ ही 15 प्रतिशत सब्सिडी भी दी जाएगी। हमारी सरकार पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 8 हजार रुपए की स्कॉलरशिप दे रही है। इस वर्ग की बेटियों की शादी के लिए दी जाने वाली राशि 41 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपए की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय ने 'काली कमाई' पर की कार्रवाई

## ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ धन शोधन के मामले में 2 लोगों को कर लिया गिरफ्तार

### राशि को ठिकाने लगाया और गबन भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ धन शोधन मामले के तहत 2लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के




रूप में हुई है। अब्राहम ने संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका गबन कर लिया गया था। वर्मा ने बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की।

### नई विशेष पीएमएलए अदालतें धनशोधन के मुकदमों में तेजी लाएं

ईडी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में 'काफी तेजी' आएगी। ईडी ने एक बयान में कहा कि तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें शामिल हैं। राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने राज्य सरकारों को दिए निर्देश

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए।

### घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल सख्ती से रोक लगाएं



#### राज्यव्यापी अभियान शुरू करने की बात कही

चौहान ने सभी राज्यों से नकली और घटिया कृषि आदानों की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तर पर इस कार्य की नियमित निगरानी से किसानों के हित में एक प्रभावी और स्थायी समाधान निकलेगा। चौहान ने सही समय पर, किफायती दामों पर और मानक गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

#### किसी भी तरह अंकुश लगना चाहिए

आधिकारिक बयान के अनुसार यह पत्र नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और देशभर में जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। चौहान ने बताया कि नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत प्रतिबंधित है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आता है।

### दोषसिद्धि सुनिश्चित करने प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करें

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राज्य किसानों और कृषक समूहों को निगरानी प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रतिक्रिया और सूचना प्रणालियां विकसित करें और किसानों को असली-नकली उत्पादों की पहचान करने के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें।

असम कैबिनेट का अस्पतालों को निर्देश

## बिल बकाया भले हो, शव को 2 घंटे से अधिक नहीं रख सकेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम सरकार ने कैबिनेट बैठक में तमाम बड़े फैसले लिए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि अब राज्य का कोई भी नर्सिंग होम या अस्पताल बिल बकाया होने पर शव को बंधक नहीं बना सकेगा। अस्पताल को मृत्यु होने के दो घंटे के भीतर शव को परिजनों को सौंपना होगा।कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा शवों को रोककर नहीं रखा जाएगा। उन्हें बकाया बिलों की परवाह किए बिना मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के दो घंटे के



भीतर शव परिजनों को सौंपना होगा। इससे अधिक देरी होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरमा ने कहा कि सरकार 24गुणा7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर-104 स्थापित करेगी। परिवार इस नंबर पर शव न मिलने की सूचना दे सकेंगे। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी को घटनास्थल का दौरा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### मांग से तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में सुधार और सावन के मौसम की मांग बढ़ने से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। सोयाबीन तिलहन की कीमतें नुकसान के साथ बंद हुईं।
बाजार सूत्रों ने कहा कि गत सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम में मजबूती दिखी। इसके अलावा सावन के मौसम में खाद्य तेलों की मांग कुछ बढ़ती है।

### वॉकहार्ट अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी वॉकहार्ट ने कहा कि वह घाटे में चल रही अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी और मधुमेह के लिए एंटीबायोटिक्स और जैविक दवाओं के क्षेत्र में नई दवाओं की खोज पर ध्यान केंद्रित करेगी। संचालित दवा उद्यम बनाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप अमेरिकी कारोबार का महत्वपूर्ण रणनीतिक पुनर्गठन कर रही है।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.34% घटकर 5.63 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 10 जुलाई तक 1.34 प्रतिशत घटकर लगभग 5.63 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से अधिक 'रिफंड' के कारण कर संग्रह कम हुआ है। शुद्ध कंपनी कर संग्रह लगभग दो लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्तिगत, एचयूएफ और फर्म शामिल हैं) 3.45 लाख करोड़ रुपये रहा। एक अप्रैल से 10 जुलाई के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर संग्रह 17,874 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान देश का कुल शुद्ध संग्रह 5.63 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 5.70 लाख करोड़ रुपये से 1.34 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक जारी किए गए शुद्ध रिफंड 38 प्रतिशत बढ़कर 1.02 लाख करोड़ रुपये हो गए।

# जिसे कभी देखा नहीं, वहीं जापान के नाकामोती निकले अंबानी-अदाणी से अमीर!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आपने मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी का नाम तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आप किसी ऐसे अरबपति के बारे में सोच सकते हैं जिसे आज तक किसी ने देखा तक नहीं? जी हां, बात हो रही है बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर सतोशी नाकामोतो की।

■ वे अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुके

नाकामोतो कौन है, ये आज तक किसी को नहीं पता न चेहरा, न देश, न पहचान. लेकिन ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, ये रहस्यमयी शख्स अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुका है और संपत्ति के मामले में उसने अंबानी और अदाणी जैसे एशिया के दिग्गज बिज़नेस टायकून को भी पीछे छोड़ दिया है।

## सतोशी नाकामोती बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर रहे

### कभी देखा नहीं गया ये अरबपति

नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में बिटकॉइन का पहला डॉक्यूमेंट (वाइटपेपर) पब्लिश किया था। फिर 3 जनवरी 2009 को पहला बिटकॉइन ब्लॉक माइन किया गया। यहीं से बिटकॉइन और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की शुरुआत मानी जाती है। 2010 में रिसर्चर सर्जियो लर्नर ने दावा किया था कि नाकामोतो ने शुरुआती समय में ही 10 लाख बिटकॉइन माइन किए थे, जो आज तक कभी खर्च नहीं हुए- यानी वो अब भी उनके पास हैं।



### अंबानी-अदाणी से भी आगे निकले

नाकामोतो अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ भारत के दो सबसे अमीर कारोबारियों से भी ज्यादा है। मुकेश अंबानी के पास 109 अरब डॉलर और गौतम अदाणी के पास 84.2 अरब डॉलर की दौलत है। यहां तक कि उनकी संपत्ति बिल गेट्स से भी ज्यादा है, जिनकी नेटवर्थ 123 अरब डॉलर है।

### बिटकॉइन क्या है?

बिटकॉइन एक डिजिटल करेंसी है जिसे छू नहीं सकते, बस ऑनलाइन ट्रांसफर या होल्ड कर सकते हैं। इसका कोई सेंट्रल बैंक नहीं है, ये पूरी तरह डिजिटल और गुप्त (क्रिप्टोग्राफी आधारित) सिस्टम पर चलता है। अब अमेरिका समेत कई देश इसके समर्थन में सामने आए हैं।

### बिटकॉइन बना रॉकेट

दुनिया की सबसे पुरानी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत अब आसमान छू रही है। अभी इसका रेट 1,18,000 डॉलर (करीब 98 लाख रुपए) तक पहुंच चुका है। इस साल अब तक इसकी कीमत में 55 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा हुआ है बिटकॉइन बनाने वाले रहस्यमयी इंसान सतोशी नाकामोतो को। भले ही आज तक कोई नहीं जानता कि नाकामोतो असल में कौन है-एक इंसान, एक टीम या कोई ग्रुप लेकिन उनके पास करीब 10 लाख बिटकॉइन हैं। मौजूदा कीमत पर देखें तो नाकामोतो की कुल संपत्ति 129 अरब डॉलर (लगभग 10.7 लाख करोड़ रुपए) हो चुकी है।

## बाजार विशेषज्ञों का कहना, कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन जरूरी

# बेहतर कंपनियों के चयन से छोटी, मझोली इकाइयों के शेयर भी देते हैं अच्छा रिटर्न

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि 'स्मॉलकैप' और 'मिडकैप' फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 कंपनियों को लार्जकैप, 101 से 250 कंपनियों को मिडकैप 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है।

**मिडकैप के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव बना है**

**वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है**

**लार्जकैप कंपनियों का पूंजीकरण 20,000 करोड़ से अधिक होता है**

### लार्ज कैप के शेयर में स्थिरता अधिक

लार्ज-कैप यानी बड़ी कंपनियों के शेयर अपनी स्थिरता, मजबूत वित्तीय स्थिति और आर्थिक उतार-चढ़ाव में बेहतर तरीके से प्रबंधित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये निवेशक के निवेश पर जोखिम को कम करने के साथ स्थिर वृद्धि प्रदान करने के लिए आदर्श हैं।



***जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में बाजार में नहीं***

*कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। इस बारे में वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक और बिक्री प्रमुख वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी गयी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक हाल में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में भारी निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और यह मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा ही होगा, तो निराशा हाथ लगती है।*

***बाजार अपने हिसाब से व्यवहार करता है***

*महत्वपूर्ण बात यह है कि बाजार तो अपने हिसाब से व्यवहार करेगा, लेकिन निवेश पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम करने के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है।"*

### निवेशकों के पोर्टफोलियों में हो सभी श्रेणी

यह पूछे जाने पर कि शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बड़ी (लार्ज कैप) मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में से किसमें निवेश करना बेहतर है, आनंद राठी वेल्थ लि. के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख (उत्पाद और शोध) चेतन शेनॉय ने कहा, निवेशकों को पता होना चाहिए कि प्रत्येक श्रेणी की उनके पोर्टफोलियो में एक अलग भूमिका है।

### स्मॉल कैप गिरावट में तेजी से गिरते हैं

शेनाय ने कहा, "वहीं मिड-कैप शेयर वृद्धि और जोखिम का अच्छा मिश्रण प्रदान करते हैं। ये अक्सर बाजार में तेजी के समय अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन गिरावट के दौरान थोड़े अस्थिर हो सकते हैं। वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है, लेकिन बाजार में गिरावट के दौरान ये तेजी से गिर सकते हैं।"

### स्माल कैप में अधिक वृद्धि हुई

शेनॉय के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में हालात बेहतर दिख रहे हैं। लार्ज कैप में लगभग 10 प्रतिशत, मिड कैप में करीब 14 प्रतिशत और स्मॉल कैप में अब तक 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल, वैश्विक स्तर पर तनाव और कंपनियों की कमजोर आय के कारण शेयर बाजार का प्रदर्शन हल्का रहा। इस साल कंपनियों की आय में सुधार दिख रहा है, जिससे बाजार को सहारा मिल रहा है।

# आयकर रिफंड में 2013-14 से 474 प्रतिशत की वृद्धि




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

■ पिछले 11 वर्षों में जारी करने का समय हुआ बेहतर

आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ रुपये था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया। साल 2013 से दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में 133 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 में कुल 3.8 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो 2024 में बढ़कर 8.89 करोड़ हो गए हैं। सूत्रों ने कहा कि कर रिफंड में यह भारी वृद्धि और रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों में कमी कर प्रशासन में सुधार, विशेष रूप से डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने के कारण है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस को

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। टीसीएस और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा क्षेत्रों को पीएलआई में 70 फीसदी मिला

■ योजना 14 क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को लागू करने लाई गई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और फार्मास्युटिकल्स ने 2024-25 में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत कुल वितरण का 70 प्रतिशत हासिल किया है।

यह योजना 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को समर्थन देने के लिए 2021 में शुरू की गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार ने पीएलआई के तहत कुल 10,114 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की पीएलआई कंपनियों को इसमें से सबसे ज्यादा 5,732 करोड़ रुपये की राशि मिली है। इसके बाद दवा क्षेत्र की कंपनियों को 2,328 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में पीएलआई के तहत वितरण 9,721 करोड़ रुपये रहा था। ये आंकड़े इन क्षेत्रों में भारत की मजबूत ताकत तथा विनिर्माण और मूल्य वर्धित निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों को दर्शाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में जिन अन्य क्षेत्रों को पीएलआई के तहत प्रोत्साहन मिला है ।

# लिथियम के लिए रूस की कंपनी से बातचीत

एजेंसी ▸▸| गुवाहटी

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीका स्थित खदान से लिथियम प्राप्त करने के लिए रूस की एक सरकारी कंपनी के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश स्वच्छ ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए लिथियम की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय कर रहा है। एनएलसी इंडिया, अफ्रीका के माली में एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी के लिए रूस की एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ बातचीत कर रही है।भारत घरेलू और विदेशी बाज़ारों में लिथियम ब्लॉक की खोज और विकास पर ध्यान

■ एनएलसी इंडिया रूस की सरकारी कंपनी से कर रही बातचीत



केंद्रित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण खनिज की मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माताओं की ओर से।एनएलसी इंडिया के मुख्य कारोबार में कोयला और लिग्नाइट के खनन के साथ-साथ बिजली उत्पादन भी शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने भारत और विदेशों में नवीकरणीय ऊर्जा और कोयला खनन कारोबार में विविधीकरण किया है।

### कंपनी ने छत्तीसगढ़ में दो ब्लाक जीते

कंपनी ने नीलामी के पांचवें दौर में दो महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक हासिल किए थे। इसने छत्तीसगढ़ राज्य में दो फॉस्फोराइट और चूना पत्थर ब्लॉक जीते थे। एनएलसी इंडिया लिमिटेड का मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 468.46 करोड़ रुपये रहा है।

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा ।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सद्भाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## एलन दिल्ली ने मनाया जेईई-नीट में सफलता का उत्सव

# ऑल इंडिया टॉप रैंक्स पर रहे 150 से अधिक स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** एलन करियर इंस्टीट्यूट दिल्ली की ओर से जेईई-एडवांस्ड व नीट-यूजी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में विक्ट्री सेलीब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जनकपुरी स्थित होटल हयात में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेश डॉ.नवीन माहेश्वरी रहे। इसके साथ ही एलन प्रसीडेंट विनोद कुमावत व वाइस प्रसीडेंट पंकज अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में जेईई और नीट में टॉप-1000 में रहे 28 स्टूडेंट्स के साथ 150 से अधिक स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स के पेरेन्ट्स भी मौजूद रहे। निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने सभी स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स को बधाई देते हुए कहा कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का ध्येय विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारना है। हमारा हर प्रयास विद्यार्थियों के हित में रहता है। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बड़ी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़ा मैदान मिले, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। इस




संबंध में प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि एलन सिस्टम 4 दशकों के अनुभव और लाखों स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स के विश्वास पर बना हुआ है। यही कारण है कि साल-दर-साल पहले से बेहतर परिणाम आ रहे हैं। आईआईटी हो या एम्स हर जगह एलन स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में प्रवेश लेते हैं। वाइस प्रसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि बहुत अल्प अवधि में एलन दिल्ली ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए बेहतर परिणाम देने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

## सीमेंस को नागपुर मेट्रो रेल के लिए दो ऑर्डर मिले



**नई दिल्ली।** सीमेंस ने कहा कि उसे महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से नागपुर मेट्रो रेल के लिए अत्याधुनिक सिग्नल प्रणाली और दूरसंचार तकनीक प्रदान करने के लिए 773 करोड़ रुपये के दो ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि परियोजना के निष्पादन की कुल समय सीमा लगभग 42 महीने है। बयान के अनुसार, सीमेंस लिमिटेड को महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महा-मेट्रो) से लगभग 773 करोड़ रुपये के दो अलग-अलग ऑर्डर मिले हैं। ये ऑर्डर नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण (पहले चरण के विस्तार के साथ) के लिए संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण सिग्नल तकनीक के डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू करने के लिए तथा उसी समान चरण में उन्नत दूरसंचार तकनीकों के लिए हैं।

## शब्द पहेली - 5927




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5926 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



# महिला टी20: भारत ने रचा इतिहास, इंग्लैंड में पहली बार सीरीज की अपने नाम, दर्ज की 3-2 से जीत



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड में टी20 सीरीज अपने नाम की। भले ही टीम को अंतिम मैच में हार झेलनी पड़ी लेकिन सीरीज भारत ने 3-2 से जीत ली। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड की धरती पर दो से ज्यादा मैचों की टी20 सीरीज जीती है। इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई हरमनप्रीत कौर ने की। उन्होंने एक बड़ा इतिहास रच दिया।

## हरमनप्रीत कौर ने बनाया नया रिकॉर्ड

इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई कप्तान हरमनप्रीत कौर ने की। उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत कौर भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय बल्लेबाज मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़कर हासिल की। हरमनप्रीत कौर ने कुल 334 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जो भारतीय महिला क्रिकेट में अब तक सबसे ज़्यादा हैं। उन्होंने मिताली राज के 333 मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। हरमनप्रीत अब



दुनिया में सबसे ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में न्यूजीलैंड की सूज़ी बेट्स (346 मैच) और ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (337 मैच) उनसे आगे हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत ने अब तक अपने करियर में 8 शतक और 85 अर्धशतक लगाए हैं।

## शेफाली ने किया 23 गेंद में अर्धशतक पूरा

हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा। विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े।



## खबर संक्षेप



### मेघालय में शुरू हुआ निशानेबाजी ट्रायल

**शिलांग।** राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे मेघालय के निशानेबाजी संघ ने कहा कि उसने राज्य से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान के लिए ट्रायल्स की एक श्रृंखला शुरू की है। मेघालय को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार मिला है। राष्ट्रीय खेलों के 39वें सत्र का मुख्य आयोजन शिलांग में होगा। इसमें देशभर के विभिन्न खेलों के शीर्ष एथलीट भाग लेंगे। अधिकारियों को उम्मीद है कि ट्रायल्स से मिले अनुभव उनके लिए काफी मददगार होगा।

### बीएफआई चुनावों में देरी, पीटी उषा ने गठित की समिति



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने के लिए तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है। गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं।

### पदक में जगह बनाने से चूकी भारतीय टीम

**लोनाटो।** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए, जिसके साथ भारत का अभियान आईएसएसएफ लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही।

### धावक साबले को लगी चोट जल्द हो जाएंगे ठीक : कोच



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए।

## क्रिकेट: पांचवा दिन होगा रोमांचक, केएल राहुल नाबाद

# जीत के लिए भारत को 135 रन और इंग्लैंड को छह विकेट की दरकार

एजेंसी ▶▶| लंदन

आल राउंडर वाशिंगटन सुंदर ने चार विकेट झटककर को भारत को रविवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बेहतरीन स्थिति में पहुंचाया लेकिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने मेहमान टीम के स्टंप तक 58 रन तक चार विकेट चटका दिए। भारत अच्छी शुरूआत नहीं कर सका और दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल खाता खोले बिना आउट हो गए। करूण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (06) ब्रायडन कार्स का शिकार हुए। रात्रिप्रहरी आकाश दीप को बेन स्टोक्स के आउट करते ही स्टंप हो गया। मैच का पांचवां दिन रोमांचक होगा क्योंकि जीत के लिए भारत को 135 रन और इंग्लैंड को छह विकेट चाहिए। केएल राहुल (47 गेंद पर 33 रन) क्रीज पर मौजूद हैं। आर्चर ने अपने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल को आउट कर दिया। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने आर्चर की वाइड गेंद को पुल करने की कोशिश की लेकिन यह उनके बल्ले का ऊपरी किनारा छूकर विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों में चली गई। भारत ने दूसरे ही ओवर में पांच रन पर पहला विकेट खो दिया। नायर एक बार फिर अपनी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और लंबाई का गलत अंदाजा लगाने से ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। कार्स ने फिर गिल का बेशकीमती विकेट लिया जो तेजी से अंदर आती गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।



### क्रॉली की रणनीति पर वॉन ने कहा, समय बर्बाद करने का बेहतरीन नमूना

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था। तीसरे दिन के खेल के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं फेंक पाया, जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

### विदेशी सरजमीं में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली बनी टीम

टीम इंडिया ने 3 टेस्ट में ही एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आधे सफर में ही भारत ने न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय टीम किसी विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई है। भारत ने अब तक सीरीज में 5 बार बल्लेबाजी की है और कुल 36 छक्के लगाए हैं। हालांकि तीसरे टेस्ट में अभी टीम इंडिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं आई है। इससे पहले विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के नाम था। कीवियों ने 2014/15 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में 32 छक्के जड़े थे। तब यूएई को पाकिस्तान के घरेलू मैदान के तौर पर देखा जाता था। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 32 छक्के लगाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज ने 1974/75 में भारतीय दौरे पर 32 छक्के लगाए थे। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज खेली गई थी। वहीं, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में आधे सफर में ही 36 छक्के जड़ दिए हैं।

## शतरंज

# भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया

हरिकृष्णन ए रा 2022 में चेन्नई में जब ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर मोहनराज की अकादमी से जुड़े तो उनके बारे में इस कोच ने, जो सबसे पहली चीज देखी वह उनका गणना करने का कौशल था।

चौबीस साल के हरिकृष्णन ने फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टन बने, जिससे मोहनराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि कुछ महीनों के भीतर उनकी अकादमी के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया। श्रीहरि एलआर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। हरिकृष्णन आने वाले शुरुआती लोगों में से एक थे। फिर धीरे-धीरे लगभग 10-15 उनके जैसे स्तर के और लोग भी जुड़ गए।' मोहनराज ने कहा, 'मैं कहूंगा कि उसकी सबसे बड़ी खूबी उसका गणना करने का कौशल है। लेकिन जब मैं उसे प्रशिक्षण दे रहा था तो मैंने सुनिश्चित किया कि वह 'डाइनैमिक्स' में भी अच्छा हो। फिर धीरे-धीरे वह रणनीति में भी अच्छा हो गया।' मोहनराज का मानना है कि हरिकृष्णन को अब 2550-2600 की रेटिंग का लक्ष्य रखना चाहिए।

### दो महीने में अकादमी ने किए दो ग्रैंडमास्टर तैयार

मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से जिन ग्रैंडमास्टर्स को मैं लगातार प्रशिक्षित कर रहा हूं, उनकी वजह से यह बहुत अच्छा लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह मेरे और हरिकृष्णन, दोनों के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उन्होंने लगातार दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म गंवा दिए थे।' मोहनराज को वह समय याद है जब अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन चुके हरिकृष्णन ग्रैंडमास्टर बनने के लिए मार्गदर्शन लेने उनकी अकादमी में आए थे।

## ट्राई सीरीज

# महिला यूरोपीय चैंपियनशिप पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर दर्ज की पहली जीत



एजेंसी ▶▶| लुसर्ने (स्विट्जरलैंड)

नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे पोलैंड ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की।

पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया।

सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दोनों ही टीम पहले ही ग्रुप सी से नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकीं थी। स्वीडन ने ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी को 4-1 से हराया।

# फीफा ने की खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है। फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुई। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है।

खिलाड़ियों के संघ ने कहा था कि एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है।

## वेस्टइंडीज की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया को 225 रन पर समेटा

**किंगस्टन (जमैका)।** शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद 1 विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया, जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज बैंडन किंग 8 जबकि कप्तान रोस्टन चेज 3 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर 4 विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर 3 विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर 3 विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

# कुदेरमेटोवा-मेर्टेंस विम्बलडन महिला युगल चैंपियन बनीं

भाषा ▶▶| लंदन



वेरोनिका कुदेरमेटोवा और एलिस मेर्टेंस की जोड़ी ने रविवार को विम्बलडन महिला युगल के फाइनल में हसीह सु-वेई और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। कुदेरमेटोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनी है जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विम्बलडन युगल खिताब है। कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विंबलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी लेकिन फिर शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। कुदेरमेटोवा ने कहा, ''मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिये। और अब यह मेरा है।'' हसीह ने तीन अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ विम्बलडन युगल का खिताब चार बार जीता है। ओस्टापेंको ने 2017 का फ्रेंच ओपन एकल खिताब जीता था और पिछले साल ल्यूडमिला किचेनोक के साथ अमेरिकी ओपन जीतने के बाद वह अपना दूसरा बड़ा युगल खिताब जीतना चाह रही थीं।

### इवानोव ने अमेरिकी क्वालीफायर कार्की को हराकर विंबलडन जूनियर खिताब जीता

**लंदन।** बुल्गारिया के इवान इवानोव ने रविवार को यहां विंबलडन जूनियर फाइनल में अमेरिका के रोनित कार्की को 6-2, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। सोलह वर्षीय इवानोव 2008 में ग्रेगर दिमित्रोव के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे बुल्गेरियाई खिलाड़ी बने। कार्की के खिलाफ उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 22 विनर लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने छह विनर लगाए। कार्की 2014 में नोआ रुबिन के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले क्वालीफायर बनने की कोशिश कर रहे थे।


## भारत-इंग्लैंड अंडर 19 टेस्ट मैच

# पहली पारी में टीम इंडिया 540 पर ऑलआउट, बल्लेबाजों ने खेली बेहतरीन पारी

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच में, भारतीय अंडर-19 टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले दिन के खेल खत्म होने तक भारत ने 7 विकेट पर 450 रन बनाए थे। कप्तान आयुष म्हात्रे ने शानदार शतक (102 रन) जड़ा, जबकि अभिज्ञान कुंडू (90), राहुल कुमार (85) और विहान मल्होत्रा (67) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं।



### इंग्लैंड की गेंदबाजी

इंग्लैंड अंडर-19 टीम की ओर से एलेक्स ग्रीन और रल्फी एलबर्ट ने 3-3 विकेट लिए, जबकि जैक होम और आर्ची वॉर्न को 2-2 विकेट मिले।

### दूसरे दिन का खेल

दूसरे दिन भारत ने 7 विकेट पर 450 रन से आगे खेलना शुरू किया। आरएस अंब्रीश और हेनिल पटेल ने पारी को आगे बढ़ाया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंब्रीश ने अपना अर्धशतक पूरा किया और हेनिल पटेल के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी भी की, जिससे भारत 500 रन के आंकड़े को पार कर गया। अंब्रीश 70 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पटेल ने 38 रन का योगदान दिया। दीपेश देवेंद्रन 4 रन बनाकर आउट हुए, वहीं अनमोलजीत सिंह 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

### आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद मिली आयुष को कप्तानी

आयुष म्हात्रे घरेलू क्रिकेट में मुंबई क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं और मौजूदा समय में भारत के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत U19 की कप्तानी सौंपी गई थी। आयुष आईपीएल 2025 के बीच सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स टीम में एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने सात मैचों में 34.28 की औसत से 240 रन बनाकर अपना आईपीएल 2025 अभियान समाप्त किया, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 94 था।

### वैभव 14 रन बनाकर आउट

यूथ वनडे में शानदार परफॉर्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया।

Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils
Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

ज्योतिष्मती तेल
रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।
निर्गुण्डी तेल
नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।
पुदीना तेल
इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।
तिल तेल
मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।




गन्धपुरा तेल
जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।
चीड़ तेल
मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
कपूर तेल
जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।
अलसी तेल
जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।
UIN-A02-AY-PB-2025




8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।
मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
• 24x7 Helpline: 7876977777
• www.drorthooil.com

भारतीय वायुसेना को मिली एक ओर बड़ी सफलता

# डीआरडीओ और वायुसेना ने किया 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण न केवल भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि यह भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। यह मिसाइल भविष्य में देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा के तट पर स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा हुआ है और इसे सुखोई -30 एमके-आई फाइटर जेट से दागा गया। परीक्षण के दौरान दो मिसाइलें अलग-अलग दूरी, दिशा और हालात में उड़ रहे तेज रफ्तार ड्रोन टारगेट्स पर दागी गईं। दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया।

**खास बातें**

- दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया
- भविष्य में देश हवाई सुरक्षा को मिलेगी मजबूती




### अस्त्र मिसाइल और आरएफ सीकर की खासियत

अस्त्र एक 'बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल' (वीवीआरएएएम ) है, जिसे दुश्मन के विमान को लॉन्चिंग विमान से काफी दूर मार गिराने के लिए बनाया गया है। इस बार जो संस्करण परीक्षण में इस्तेमाल हुआ, उसमें देश में विकसित किया गया रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर लगा था। यह आरएफ सीकर लक्ष्य पर लॉक करने और उड़ान के दौरान मार्गदर्शन देने में मदद करता है। इसका स्वदेशी विकास 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

### ओडिशा तट पर सफल परीक्षण

बंगाल की खाड़ी में भारत ने एक और बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल की। सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से दो बार अस्त्र मिसाइल का परीक्षण किया गया। ये परीक्षण अलग-अलग दूरी और दिशाओं में उड़ रहे तेज रफ्तार मानव रहित हवाई लक्ष्यों पर किए गए।



File Photo

### आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य

*यह परीक्षण भारत की रक्षा तैयारियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे भारतीय वायुसेना के लिए पूरी तरह से स्वदेशी एयर-टू-एयर मिसाइलों के उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सफल परीक्षणों से भारत की विदेशी मिसाइल प्रणालियों पर निर्भरता कम होगी और आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य को बल मिलेगा। मिसाइल को नियमित रूप से वायुसेना के बेड़े में शामिल करने से पहले और भी परीक्षण किए जाएंगे।*

विदेशमंत्री ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की

# सिंगापुर में समकक्ष से जयशंकर ने की मुलाकात कहा- ये देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

*भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। यहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन और टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सिंगापुर को भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का केंद्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच विचार-विमर्श हमेशा लाभकारी रहता है।*

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर रविवार को अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर के दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

विदेश मंत्री ने लिखा कि सिंगापुर हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र है। वहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह सिंगापुर में एफएम विवियन बालकृष्णन से मिलकर अच्छा लगा। बता दें कि 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भारत का फोकस पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों के साथ रिश्तों को और बढ़ावा देने पर है। यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संबंधों का प्रतीक मानी जा रही है।



### एस जयशंकर चीन के दौरे पर भारत और चीन के बीच इन मुद्दों पर हो सकती है बात

*चीन के बयान में कहा गया है कि मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुओं पर चीन की रोक सहित कई मुद्दों पर बातचीत होने की उम्मीद है। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारअजीत डोभाल की हालिया चीन यात्राओं के बाद हो रही है।*

### 15 जुलाई को विदेश मंत्रियों के बैठक में लेगें हिस्सा

चीन के तियानजिन में 15 जुलाई से शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और प्रमुख वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी।

### भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई: जयशंकर

वही जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट टीओ ची हीन से मिलकर खुशी हुई। हमने इस दौरान भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान भारत में आर्थिक सुधारों और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के साथ-साथ नए व्यापारिक अवसरों के बारे में चर्चा की गई। देखा जाए तो यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों और निवेश के नए रास्तों की ओर इशारा करती है।



### दुर्लभ धातुओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद

चीन के बयान में कहा गया है कि भारत और चीन के विदेश मंत्री इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न उत्पादों के विनिर्माण के लिए आवश्यक दुर्लभ धातुओं पर बातचीत होने की संभावना है।

शिलांग में वित्त मंत्री ने संवाद सत्र के दौरान कहा

# पारिस्थितिक तंत्र-विकास में संतुलन जरूरी: सीतारमण

एजेंसी ▶▶ शिलांग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को शिलांग में एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में यह संतुलन बेहद अहम है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ गया है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी मौसम के स्वरूप का सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने आगे कहा कि चरम मौसम घटनाएं आम बात हो गई हैं। जो बारिश पहले कई महीनों तक होती थी, अब एक ही दिन में हो रही है। इससे अचानक बाढ़ आ रही है और लोगों और संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है।



### ग्रामीण , वन क्षेत्रों में डिजिटलीकरण की जरूरत

*ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि किसान और कारीगर अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका मतलब है कि हमें उन क्षेत्रों में विस्तार करना होगा, जो सदियों से हरे-भरे रहे हैं।*

### मेघालय की दो महिला करदाता का हुआ सम्मान

*वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने पर काम कर रही है ताकि पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि "क्षेत्र-विशेष की योजनाएं और स्थानीय मुद्दे संबंधित मंत्रालयों और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाना चाहिए। इससे समय पर मूल्यांकन और कार्रवाई हो सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने मेघालय की दो प्रमुख महिला करदाताओं रिमिफुल शायला और वंजोप्लिन को सम्मानित किया और कर प्रणाली में उनके सराहनीय योगदान की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री गुरुवार से मेघालय के चार दिवसीय दौरे पर हैं।*

### जलवायु शिखर सम्मेलन की चर्चा

उन्होंने जानकारी दी कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील के अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि अब यह चर्चा दुनिया के सबसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों तक पहुंच चुकी है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की दर्दनाक हत्या



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और रविवार को देशव्यापी तलाश अभियान शुरू किया गया। गृह मामलों के सलाहकार रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी ने यह जानकारी दी। चौधरी ने कहा कि यह अभियान नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव से पहले स्थिरता बनाने के लिए। मिटफोर्ड में हुई हत्या बेहद दुखद और बर्बर है। सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है।

नेपाल-चीन सीमा पर मितेरी पुल ढहने से आवाजाही बाधित कारोबार भी ठप

# मानसरोवर यात्रा प्रभावित, 25 हजार भारतीय श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ काठमांडो

पर्वतीय पर्यटन उद्यमियों के संगठन, ट्रेकिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ नेपाल (टीएएएन) ने बताया है कि नेपाल-चीन सीमा पर रसुवागढ़ी गांव के पास मितेरी पुल ढहने के कारण कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जबकि पांच साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल को इस साल कम से कम 25,000 भारतीय तीर्थयात्रियों की मेजबानी करने की उम्मीद है। तीर्थयात्रियों की न सिर्फ आवाजाही बाधित हुई बल्कि पहाड़ी क्षेत्र में कारोबार भी ठप हो गया है। शेरपा समुदाय ने चीन से तातोपानी, कोरोला, हिल्सा जैसे वैकल्पिक मार्गों को मार्ग देने का आग्रह किया है। टीएएएन ने नेपाल के विदेश मंत्रालय से वीजा प्रक्रिया को सरल और तेज करने के लिए काठमांडो में चीनी दूतावास के साथ राजनयिक रूप से जुड़ने का भी आह्वान किया है।



### भारत सरकार दो रास्तों से कराती है मानसरोवर यात्रा

27 जनवरी 2025 को चीन और भारत के बीच बीजिंग में एक बैठक हुई थी, जिसमें दोनों देशों ने भारतीय नागरिकों के लिए कैलाश यात्रा फिर से शुरू करने पर सहमति जताई थी। भारत सरकार दो रास्तों से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती है, इनमें लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) और नाथू ला दर्रा (सिक्किम) शामिल हैं। इन दोनों मार्गों पर चीन की अनुमति और सहयोग होता है। ये यात्रा सरकारी योजना के तहत होती है और तय संख्या में लोगों को ही अनुमति मिलती है। हालांकि, ज्यादातर भारतीय तीर्थयात्री नेपाल के रास्ते निजी यात्रा करना पसंद करते हैं। इसके चार मुख्य रास्ते हैं। इनमें तातोपानी, रसुवागढ़ी, हिल्सा और काठमांडू से ल्हासा की उड़ान शामिल हैं।

### बाढ़ से बहा मितेरी पुल

*तान के महासचिव सोनम ग्यालजेन शेरपा ने बताया कि मंगलवार सुबह लेहेंडे नदी में आई बाढ़ की वजह से मितेरी पुल बह गया। इसके कारण कैलाश मानसरोवर जाने वाला रास्ता बंद हो गया है और तीर्थयात्री फंस गए हैं। उन्होंने चीनी सरकार से अपील की है कि वह तातोपानी, कोरोला, हिल्सा और दूसरे रास्तों से तीर्थयात्रियों को जाने की सुविधा दे। इसके लिए तुरंत कूटनीतिक बातचीत की जरूरत है।*

अमेरिका में न्याय विभाग ने फिर की छंटनी

# ट्रंप के खिलाफ केस संभाल रहे वकीलों पर फिर गिरी गाज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चल रहे मामलों से जुड़े कई वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को अमेरिकी न्याय विभाग ने हटा दिया है। यह छंटनी विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम से जुड़े उन लोगों पर हुई है । जो ट्रंप के खिलाफ दो बड़े मामलों में काम कर रहे थे। एक दस्तावेज रखने और दूसरा चुनाव नतीजों को पलटने की साजिश पर काम कर रहे थे। रिपोर्ट में दो ऐसे लोगों के हवाले से दावा किया गया है जो इस निर्णय से सीधे तौर पर जुड़े हैं, लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं किया। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को हटाया गया है, कुछ वकील, जांच में सहयोग करने वाले न्याय विभाग के अन्य कर्मचारी और गैर-कानूनी स्टाफ शामिल हैं।

### जैक स्मिथ की टीम ने लगाए थे गंभीर आरोप

*साल 2023 में विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम ने ट्रंप पर दो अहम मामलों में आरोप लगाए थे। पहला मामला फ्लोरिडा स्थित उनके मार-ए-लागो घर में गोपनीय दस्तावेजों को रखने से जुड़ा था और दूसरा, 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को बदलवाने की साजिश से जुड़ा था। हालांकि, इनमें से किसी भी मामले की सुनवाई ट्रायल तक नहीं पहुंच पाई।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109